दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



कैप्टन इंडिया बनकर उड़ान भरेंगे कार्तिक....




बिपाशा जिस्म न करने की मिली थी चेतावनी

वर्ष : 12 | अंक : 253 | लखनऊ, 08 सितम्बर, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### जानलेवा बर्फीला तूफान में 11 की मौत, 6 लापता

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी काकेशस इलाके में काबारडिनो-बाल्कारिया क्षेत्र में पर्वतारोहियों का एक समूह



बर्फीले तूफान की चपेट में आ गया। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 6 लोग घायल हुए तो 6 लापता बताए जा रहे हैं। रविवार को शाम करीब 5 बजे, यह हादसा बेजेंगी गॉर्ज में हुआ, जहां 5,025 मीटर ऊंचे माउंट मिजिरगी से बर्फीला तूफान नीचे की ओर बढ़ा और 33 पर्वतारोहियों के एक दल को अपनी चपेट में ले लिया। बचाव दल और एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर को घटनास्थल पर भेजा गया।

### ज्वालामुखी फूटने से 8 एयरपोर्ट बंद

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के अनाक क्राकाटाउ ज्वालामुखी में रविवार को कई बार विस्फोट हुए। इससे



निकली राख 50 हजार फीट तक पहुंच गई। राख फैलने के कारण 8 एयरपोर्ट बंद करने पड़े और 1,558 फ्लाइट्स रद्द हो गईं। इससे करीब 1.70 लाख यात्री प्रभावित हुए। इनमें राजधानी जकार्ता के दो बड़े एयरपोर्ट भी शामिल हैं। अनाक क्राकाटाउ ज्वालामुखी जावा और सुमात्रा के बीच सुंडा स्ट्रेट में है। इसमें शुक्रवार से हलचल बढ़ी हुई थी। रविवार सुबह 3:53 बजे करीब 30 सेकंड तक विस्फोट हुआ।

### पाकिस्तान: दो सड़क हादसों में 16 की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में अलग-अलग सड़क हादसों में 16 लोगों की मौत हो गई




और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। पहला हादसा लाहौर से करीब 600 किमी दूर पंजाब के रहीम यार खान जिले में हुआ। सरदार गढ़ इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली के तेज रफ्तार से जा रहे ट्रेलर से टकरा जाने से 7 लोगों की मौत हो गई, 50 से अधिक लोग घायल हो गए। दूसरा हादसा सिंध प्रांत के जैकबाबाद जिले के थुल शहर में हुआ। यहां लाहौर जा रही एक बस हादसे में 9 यात्री मारे गए।

## पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर के उद्घाटन समारोह को पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया

# मंदिर निर्माण संतों की संकल्प शक्ति का प्रमाण, दोनों देशों के बीच बना नया संबंध

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पेरिस में बीएपीएस स्वामीनारायण हिंदू मंदिर के लोकार्पण समारोह को वर्चुअली संबोधित संबोधित किया। इस दौरान, पीएम ने कहा कि भले ही वह पेरिस में मौजूद नहीं हैं, लेकिन मन और हृदय से स्वयं को समारोह में



पीएम संबोधित करते हुए

उपस्थित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पूज्य महंत स्वामी, संतों और बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था को इस ऐतिहासिक अवसर के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं परम पूज्य प्रमुख स्वामी जी महाराज का भी श्रद्धापूर्वक स्मरण करता हूं।

प्राचीन काल में भारत का जो सांस्कृतिक आध्यात्मिक वैभव था, उन्होंने उसके पुनर्जागरण का एक अभियान शुरू किया था। आज उसका प्रकाश यूरोप समेत पूरी दुनिया में फैल रहा है। 2024 में अबू धाबी में भव्य मंदिर का उद्घाटन हुआ था। आज वहां हजारों लोग दर्शन करने जाते हैं और अब यहां पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर का निर्माण सृजन की यह निरंतरता, यह संतों की संकल्प शक्ति का ही प्रमाण है। मैं पुनीत कार्य के लिए पूज्य महंत स्वामी का आभार प्रकट करता हूं। मैं उनके चरणों में प्रणाम करता हूं। मैं बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था को और करोड़ों हरि भक्तों को इस अवसर पर हृदय की गहराई से बधाई देता हूं। यह बहुत खुशी की बात है कि पेरिस में बीएपीएस स्वामीनारायण हिंदू मंदिर का उद्घाटन हो रहा है।

### फ्रांस में संपन्न हुआ देश के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर का भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव

**40 से भी अधिक देशों के लोग पधारे**



गुरु परम पूज्य महंतस्वामी महाराज पूजा करते हुए

फ्रांस में देश के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। यह मंदिर अब सभी दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं के लिए खुल गया है। रविवार को प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बीएपीएस अक्षरधाम संस्थान के वर्तमान गुरु परम पूज्य महंतस्वामी महाराज के करकमलों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विधि संपन्न हुई। इसका निर्माण प्राचीन भारतीय वास्तुकला और वैदिक शिल्पशास्त्र के आधार पर किया गया है, जिसमें फ्रांसीसी आधुनिक तकनीक का भी सुंदर सम्मिश्रण देखने को मिलता है। 13 दिनों तक चलने वाले इस मंदिर महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए भारत, अमेरिका, कनाडा, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, और इंग्लैंड समेत 40 से भी अधिक देशों से लोग पधारे हैं। यह मंदिर 5000 वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला है। इसमें 5 शिखर, 10 विशाल गुंबद, 20 नक्काशीदार स्तंभ, 120 गवाक्ष, 49 चरित्र शिल्प प्रतिमाएं हैं।

**फ्रांस के साथ संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंचे**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। यह रणनीतिक साझेदारी इसलिए भी खास है, क्योंकि ये हमारे पुराने सांस्कृतिक-राजनैतिक संबंधों की मजबूत बुनियाद पर टिकी है। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि पेरिस में बना यह भव्य मंदिर सदियों तक दोनों देशों के बीच सहयोग और अवसरों के प्रतीक के रूप में खड़ा रहेगा। मेरे मित्र राष्ट्रपति (इमैनुएल) मैक्रों के साथ मिलकर दोनों देश विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।

### एआई, रक्षा, स्पेस क्षेत्र में कर रहे सहयोग

पीएम ने कहा कि प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रक्षा, अंतरिक्ष और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में भारत और फ्रांस नई गति और नई ऊर्जा के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। हम 2026 को भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के रूप में भी मना रहे हैं। यह रणनीतिक साझेदारी इसलिए खास है क्योंकि यह हमारे लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंधों की मजबूत नींव पर आधारित है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-फ्रांस संयुक्त उद्यमों की संभावनाओं पर बातें होती हैं। स्वामीनारायण मंदिर ने इस संभावना में भी एक नया आयाम जोड़ा है। यह मंदिर 'मेड इन इंडिया' है और 'बिल्ट इन फ्रांस' है।

**फ्रांसीसी विद्वानों ने संस्कृत को लोकप्रिय बनाया**

पीएम मोदी ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि फ्रांस में भारतीय सैनिकों के बलिदान की याद आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। उन्होंने कहा कि भाषा प्रेमी यह भी जानते हैं कि संस्कृत को लोकप्रिय बनाने में फ्रांसीसी विद्वानों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रोमां रोलां के रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद पर लिखे गए कार्यों ने हमारे समाजों को और करीब लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पेरिस से पुडुचेरी स्थित श्री अरविंद आश्रम तक 'द मदर' की आध्यात्मिक यात्रा ने भारत और फ्रांस के असंख्य साधकों को प्रेरित किया है।

## भारत-लक्समबर्ग के बीच द्विपक्षीय बैठक

# ग्रीन टेक्नोलॉजी, डिजिटल स्पेस सहित कई मुद्दों पर जोर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**



जयशंकर और जेवियर बेटेल

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों में व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग सबसे अहम हैं। उन्होंने लक्जमबर्ग के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल का भारत में गर्मजोशी से स्वागत किया। बेटेल लक्जमबर्ग के अर्थव्यवस्था मंत्री के साथ आधिकारिक दौरे पर भारत आए हैं। डॉ. एस जयशंकर ने उनके साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे रिश्तों की बात करें तो व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग इसके केंद्र में हैं, लेकिन इसके अलावा आज हम अंतरिक्ष, डिजिटल और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों पर भी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अनिश्चितता और उथल-पुथल के दौर में भारत और लक्जमबर्ग जैसी भरोसेमंद साझेदारियां बहुत अहम हो गई हैं।

### एफटीए पर लक्जमबर्ग के समर्थन का धन्यवाद

विदेश मंत्री ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लक्जमबर्ग के समर्थन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इसके मंजूर होने से साझेदारी के लिए नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने कहा कि यूरोप के साथ, और अब भविष्य में मुक्त व्यापार समझौते के मंजूर होने की संभावना के साथ, मुझे लगता है कि सचमुच नई संभावनाएं खुल रही हैं। उन्होंने एफटीए के लिए लक्जमबर्ग के 'बहुत मजबूत समर्थन' का धन्यवाद दिया।

### पीएम मोदी की कार्यक्षमता से प्रभावित हूं

लक्जमबर्ग के विदेश मंत्री ने कहा कि आप (विदेश मंत्री) और पीएम मोदी के बारे में मुझे जो बात पसंद है, वह यह है कि जब आप कुछ कहते हैं, तो आप उसे करते भी हैं, और इस बात की बहुत तारीफ की जाती है। मैंने इसे कोविड के समय देखा जब हम मिलकर कुछ प्रोजेक्ट कर रहे थे। आपके पीएम ने कहा कि 'हम इसे करने जा रहे हैं'। आमतौर पर, जब हम यूरोप में ऐसा कहते हैं, तो यह चर्चा की शुरुआत होती है कि हम उस वादे को कैसे पूरा कर सकते हैं। भारत में, यह शुरुआत थी लेकिन अंत भी था क्योंकि अगले ही दिन सब कुछ हो गया था। यही वजह है कि मैं आपके राजनीतिक बयानों की कार्यक्षमता से भी प्रभावित हुआ।

## पीएम के सलाहकार से मिले त्रिवेदी

# द्विपक्षीय सहयोग को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर की बातचीत

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने सोमवार को ढाका में पीएम तारिक रहमान के लोक प्रशासन मंत्रालय के सलाहकार इस्माइल जबीहुल्लाह से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। ढाका में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पोस्ट में कहा कि चर्चा में लोगों के बीच आपसी जुड़ाव को द्विपक्षीय संबंधों की नींव है। बैठक में भारत-बांग्लादेश संबंधों से जुड़े कई विषयों पर चर्चा हुई और उम्मीद जताई गई कि दोनों संप्रभु देश आपसी भरोसे और फायदे के आधार पर भविष्योन्मुखी सोच के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।



दिनेश त्रिवेदी और इस्माइल जबीहुल्लाह

बाद में, उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री अब्दुल अवल मिंटू से भी मुलाकात की। उन्होंने वन्यजीव संरक्षण और आवास सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तंत्र की प्रगति पर चर्चा की। साथ ही, सीमा-पार प्रदूषण, कचरा प्रबंधन और आपसी हित के अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर सहयोग को और मजबूत करने के अवसरों पर भी बात की।

## बाढ़ का पानी कम, मौत का आंकड़ा बड़ा

# नेपाल में 1355 शव बरामद, 4996 अभी भी लापता, बचाव कार्य जारी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

नेपाल में बाढ़ का पानी भले ही कम हो गया हो, लेकिन मरने वालों का और लापता लोगों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। नेपाल सरकार के अनुसार अब 1355 शव बरामद किए गए हैं। करीब 4996 लोग अभी भी लापता हैं। इसमें 589 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। अब तक 13396 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और 6672 घायलों का इलाज हुआ है। इस बीच नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने बिदुर नगर पालिका में एक अस्थाई आश्रय स्थल का दौरा किया और राहत कार्यों की जानकारी ली। नेपाल में बच्चों पर इस आपदा का असर बहुत बड़ा है। करीब 17 हजार बच्चों के



राष्ट्रपति पौडेल आश्रय स्थल पर

प्रभावित होने का अनुमान है। रसुवा, नुवाकोट और धादिंग के 19 स्कूलों के 6,901 छात्र प्रभावित हुए हैं। रसुवा और नुवाकोट में 622 छात्र अब भी लापता बताए गए हैं। कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जिन्हें कई घंटे या कई दिन बाद बचाया गया। राहत कार्य में कुल 21,402 सुरक्षाकर्मी जुटे हैं। इनमें नेपाल पुलिस के 7,912, नेपाली सेना के 9,287 और सशस्त्र पुलिस बल के 4,203 जवान शामिल हैं।

# एक्सप्रेस-वे निर्माण में बड़े पैमाने पर हुआ भ्रष्टाचार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में हाइवे बीजेपी के लोगों की जेबे भरने के लिए बनाए गए है। इनके बनाए सभी एक्सप्रेस-वे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और बजट की लूट हुई है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को उजागर करने वालों और सच्चाई दिखाने वालों के खिलाफ हैं, जो लोग भ्रष्टाचार उजागर कर रहे हैं उन्हें धमकाया, डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा के भ्रष्टाचार से परेशान और पीड़ित हैं। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 118 जगह सड़क टूटी और गड्ढे हो गए। जिसने सड़क बनाया उसे बोनस दिया गया है और दूसरी जगह काम भी दे दिया गया है। भाजपा सरकार में बजट की लूट चल रही है। 60 प्रतिशत कमीशन चल रहा है। सपा के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का पैसा और संसाधन लगाकर कुछ अंडरग्राउंड, सुरंगी लोग हमारे



खिलाफ षड्यंत्र करके एआई से वीडियो बना रहे हैं, अगर वे वीडियो बनाएंगे तो वीडियो इधर से भी बनेगा। उनके गाने से अच्छा गाना, हम लोग देंगे। उन्होंने कहा कि एआई का प्रयोग समाज में अच्छाई लाने के लिए होना चाहिए, नकारात्मक राजनीति के लिए नहीं होना चाहिए। एआई का प्रयोग मेडिकल और कृषि और अन्य क्षेत्रों में होना चाहिए, जिससे गरीबों को समय पर इलाज मिल जाए। किसानों को मौसम की सही जानकारी मिल जाए, बीमारियों की जानकारी हो जाए तो किसान अपनी फसल को बचा पाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सोची समझी रणनीति और साजिश करके अधिकारियों के माध्यम से प्रदेश को कम्युनल रास्ते पर ले जाना चाहती है। जब हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिल सकता था तो मस्जिद क्यों गिरा दी गयी। सहारनपुर जा रहे सपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों, सांसदों और विधायकों को उनके घरों पर रोके जाने पर अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस चोर, डकैत बदमाशों को नहीं पकड़ रही है, राजनीतिक लोगों की घेराबंदी कर रही है। सहारनपुर जा रहे सपा के सभी सांसदों और विधायकों के घरों को पुलिस ने घेर रखा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पीडीए प्रोग्रेसिव लोगों का एलायंस है। पीडीए में लोग एक पीड़ा से बंधे हैं। पीडीए में पीड़ित दुखी अपमानित लोग शामिल है। पीडीए एकजुट है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि हम साधु-संतो का बहुत सम्मान करते हैं। हमेशा करते रहेंगे लेकिन जो दरारवादी और संकीर्ण विचारधारा के लोग हैं, वे विपक्ष के खिलाफ किस तरह का वीडियो बना रहे हैं, सभी लोगों ने देखा है।

## एस्टोनिया हथियार सौदा विवाद

# तोप के गोले आपूर्ति करने वाली कंपनी से नहीं रहा कोई भी संबंध: रक्षा मंत्रालय

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

एस्टोनिया को यूक्रेन भेजे जाने वाले तोप के गोलों की आपूर्ति के कथित सौदे से जुड़ी भारतीय कंपनी ने रक्षा



हानो पेवुकर

मंत्रालय या भारतीय सशस्त्र बलों को कोई आपूर्ति नहीं की है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि नागपुर स्थित नेको डिफेंस का हमारे सशस्त्र बलों के साथ कोई कारोबारी संबंध या आपूर्ति आदेश नहीं है। रक्षा मंत्रालय के साथ कंपनी का किसी तरह का कारोबार या लेनदेन नहीं किया है। यह स्पष्टीकरण एस्टोनिया में कथित गोला-बारूद खरीद विवाद के बीच आया है। बता दें, एस्टोनिया के रक्षा मंत्री हानो पेवकुर ने 2 सितंबर को यूक्रेन के लिए 7.7 करोड़ यूरो (करीब 769 करोड़ रुपए) के गोला-बारूद सौदे को लेकर उठे विवाद और रक्षा क्षेत्र में वित्तीय प्रबंधन पर सवालों के बीच इस्तीफा दे दिया था। नेको डिफेंस नागपुर स्थित कंपनियों के एक समूह का हिस्सा है, जो इस्पात निर्माण के कारोबार से जुड़ा है। नेको डिफेंस की रोमानिया में भी एक विनिर्माण इकाई है। इस इकाई के पास एस्टोनिया को तोप के गोलों की आपूर्ति के लिए उन्हें भरने का एक अनुबंध है। इन गोलों को आगे यूक्रेन भेजे जाने की योजना है।

## कई अहम हथियार और सैन्य प्रणालियों की खरीद का रास्ता साफ

# 1.10 लाख करोड़ रुपए के हथियारों की खरीद प्रक्रिया मंजूर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हुई। इस बैठक में सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए करीब 1.10 लाख करोड़ रुपए की रक्षा खरीद को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, डीएसी ने अलग-अलग खरीद प्रस्तावों को जरूरत की स्वीकृति (एओएन) दी है। दरअसल, यह किसी उपकरण की खरीद की अंतिम मंजूरी नहीं, बल्कि आगे की खरीद प्रक्रिया शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण शुरुआती मंजूरी है। इस मंजूरी के बाद सेना, नौसेना और वायुसेना के लिए कई अहम हथियारों, वाहनों, रडार और सैन्य प्रणालियों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है। डीएसी ने रक्षा बल सुरक्षित प्रवेश कार्ड प्रणाली लगाने को भी मंजूरी दी है। इसके तहत मौजूदा कागज आधारित पहचान पत्र, प्रवेश पत्र और परमिट की जगह रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान तकनीक आधारित स्मार्ट कार्ड इस्तेमाल किए जाएंगे।

*रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक*

*रेडियो फ्रीक्वेंसी कार्ड से सैन्य छावनी में होगा प्रवेश*

### नौसेना को मिलेगा आधुनिक निगरानी रडार 'अरुधा'



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भारतीय नौसेना के लिए 'अरुधा रडार' खरीदने को मंजूरी दी गई है। इन रडारों को विभिन्न नौसैनिक हवाई स्टेशनों पर मौजूद पुराने हवाई मार्ग निगरानी रडारों की जगह लगाया जा सकता है। दरअसल, अरुधा एक आधुनिक निगरानी रडार है, जिससे नौसेना के हवाई ठिकानों की निगरानी क्षमता मजबूत होगी। नौसेना के लिए मरीन गैस टर्बाइन के डिजाइन और विकास तथा इसके बाद खरीद को भी मंजूरी दी गई है। मरीन गैस टर्बाइन युद्धपोतों की प्रणोदन प्रणाली यानी उन्हें आगे बढ़ाने वाली मुख्य प्रणाली का हिस्सा होती है। इसे स्वदेश में डिजाइन व विकास किया गया है। इससे नौसेना की विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

**थलसेना को मिलेगी बारूदी सुरंग बिछाने वाली मशीन**

भारतीय थलसेना के लिए कई महत्वपूर्ण उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इनमें रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु टोही वाहन, उच्च गतिशीलता वाले वाहन, स्वचालित बारूदी सुरंग बिछाने वाली मशीनें, उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर, ट्रॉल टैंक और सर्वत्र पुल प्रणाली शामिल हैं। वहीं, स्वचालित बारूदी सुरंग बिछाने वाली मशीनें मुश्किल इलाकों में तेजी से बारूदी सुरंगें बिछाने में मदद करेंगी।

### जैमर से जाम होंगे दुश्मन के रडार

वायुसेना के लिए भी कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इनमें लड़ाकू विमानों, वायुसेना के परिवहन विमानों और हेलिकॉप्टरों की युद्धक क्षमता बढ़ाने से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। इसके साथ ही ग्राउंड आधारित बहुउद्देशीय जैमर खरीदने को भी मंजूरी दी गई है। यह प्रणाली दुश्मन के रडार को प्रभावी तरीके से जाम करने में मदद करेगी। इससे भारतीय सैन्य विमानों को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के क्षेत्र में फायदा मिलेगा।

# सड़क हादसे में ढाई महीने के बच्चे की दर्दनाक मौत

## बीकेटी इलाके की घटना, मां की गोद से उछलकर गिरा मासूम, बुखार के चलते अस्पताल जा रहे थे




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ के बीकेटी इलाके में शनिवार देर शाम सीतापुर रोड पर एक हादसा हो गया। वीरेंद्र धर्मकांटा के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में ढाई महीने का एक मासूम मां की गोद से उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर गया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही जान चली गई। हादसे में मासूम के माता-पिता भी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक पर सवार युवक मौके से भाग गया। बीकेटी के गहरा रामपुरा गांव निवासी राम कुमार किसान हैं। शनिवार देर शाम वह अपनी पत्नी अंजलि और ढाई महीने के बेटे को बाइक से अस्पताल लेकर जा रहे थे। मासूम को बुखार था। इसी दौरान सीतापुर रोड पर वीरेंद्र धर्म कांटा के पास सामने से तेज रफ्तार बाइक लेकर आए युवक की उनकी बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अंजलि की गोद मासूम उछलकर सड़क पर सिर के बल गिर गया। राम कुमार और अंजलि भी बाइक से गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरी बाइक पर सवार युवक वहां से निकल गया।

**राहगीरों ने पहुंचाया ट्रॉमा सेंटर:** हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और घायल दंपती को उठाया। सूचना पर बीकेटी पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने राहगीरों की मदद से राम कुमार, अंजलि और मासूम को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने ढाई महीने के बच्चे को मृत घोषित कर दिया। राम कुमार और अंजलि को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बीकेटी इंस्पेक्टर संजय सिंह के मुताबिक, अभी बच्चे के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शव घर पहुंचा तो मां को पता चला:** राम कुमार ने बताया कि हादसे के बाद प्राथमिक उपचार के बाद अंजलि को घर भेज दिया गया था। उसे बेटे की मौत की जानकारी नहीं दी गई थी। घर से जब भी वह बेटे के बारे में पूछती, तो परिजन यही बताते रहे कि उसका इलाज चल रहा है। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद जब मासूम का शव घर पहुंचा, तब अंजलि को बेटे की मौत की जानकारी हुई। बेटे का शव देखते ही वह फूट-फूटकर रोने लगी। उसकी हालत बिगड़ती देख परिवार के लोगों ने उसे संभाला।

**छह साल बाद हुआ था बेटा:** राम कुमार ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। ढाई महीने का बेटा उनका इकलौता बेटा था। करीब छह साल बाद बड़ी मन्नतों से बेटा हुआ था। उसके जन्म के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन एक हादसे ने सारी खुशियां मातम में बदल दीं।

**महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या:** काकोरी क्षेत्र में महिला ने फांसी लगाकर जानदे दी। सूचना पाकर काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम केलिए भेजा। पुलिस को मौके पर सूरसती (63) पत्नी भवानी रावत निवासी तेजकिशन खेड़ा थाना काकोरी कमरे के अंदर कपड़े टांगने के लिए लगी मोटी बल्ली में प्लास्टिक की रस्सी बांधकर फंदे से लटकी मिलीं। परिजनों की उपस्थिति में मौके की वीडियोग्राफी कराते हुए बल्ली में बंधी रस्सी को कटवाकर शव को नीचे उतरवाया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतका अपने पति से अलग कमरे में अकेले रहती थीं। बगल में उनकी पुत्री संगीता रहती हैं, जो तालाब गई थीं। वापस आने पर उन्होंने अपनी मां को फंदे से लटका हुआ देखा, जिसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई।

## कार से टक्कर लगने पर ई-ऑटो ड्राइवर की गयी जान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में एक्सीडेंट में ई-ऑटो ड्राइवर की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने ई-ऑटो को टक्कर मारी। हादसे में ई-ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी, दो साल की बेटी समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

मदेयगंज के खदरा मस्तोला निवासी अकील (28) ई-ऑटो चलाने के साथ ही कारपेंटर का काम भी करते थे। उनके भाई सगीर के मुताबिक, अकील शनिवार को पत्नी फरहीन, दो साल की बेटी अन्नू, बहन मुन्नी और दो मामियों शहनाज व शहनाज बानो के साथ ई-ऑटो से ठाकुरगंज थाने के पास स्थित मुसाहिबगंज गए थे। रविवार दोपहर करीब 2 बजे सभी लोग घर लौट रहे थे। इसी दौरान ठाकुरगंज स्थित गुलाला घाट के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने ई-ऑटो में टक्कर मार दी।

**टक्कर के बाद डिवाइडर से टकराकर पलटा ऑटो:** कार की टक्कर से ई-ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। ऑटो में सवार सभी छह लोग उसके नीचे दब गए। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जबकि कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सभी घायलों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अकील को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनकी पत्नी फरहीन, दो साल की बेटी अन्नू, बहन मुन्नी और दोनों मामियों शहनाज व शहनाज बानो की हालत गंभीर बताई जा रही है। अकील के भाई सगीर ने पुलिस से घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर फरार कार चालक की पहचान और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## मृत व्यक्ति का लर्निंग लाइसेंस कैसे बन गया, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान इस बात पर गंभीर सवाल उठाया कि आधार कार्ड के विवरण के आधार पर एक मृत व्यक्ति के नाम पर लर्निंग लाइसेंस कैसे जारी हो गया। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में आधार के विवरण के आधार पर लर्निंग और ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जाने की मौजूदा ऑनलाइन व्यवस्था को चुनौती दी गई है। याचिका में यह भी दावा किया गया है कि एक मामले में आधार विवरण के साथ अश्लील तस्वीरें ऑनलाइन अपलोड होने के बावजूद लर्निंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की पीठ ने यह आदेश संतोष मिश्रा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका में मुख्य रूप से केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 11 और आधार प्रमाणीकरण संबंधी नियमों के तहत जारी अधिसूचनाओं को चुनौती दी गई है। न्यायालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियम के नियम 11 को चुनौती दिए जाने के मद्देनजर अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी। याचिका में कहा गया है कि मौजूदा ऑनलाइन व्यवस्था के तहत लर्निंग लाइसेंस के लिए आधार नंबर उपलब्ध कराने पर आधार में दर्ज विवरण लाइसेंसिंग अथॉरिटी के पास पहुंच जाता है और इसी आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाती है। याची का तर्क है कि आधार कार्ड उम्र का वैध प्रमाण नहीं है। ऐसे में केवल आधार विवरण के आधार पर लर्निंग लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत हो सकती है। याचिका में यह भी कहा गया है कि आधार को उम्र का प्रमाण न मानने के बावजूद उसके विवरण के आधार पर लाइसेंस जारी होने से 16 या 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को भी लाइसेंस जारी होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

याची की ओर से न्यायालय के समक्ष ऐसे दस्तावेज भी प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर दावा किया गया कि एक मृत व्यक्ति के आधार नंबर का इस्तेमाल कर उसके नाम पर लर्निंग लाइसेंस जारी कर दिया गया। इसके अलावा एक अन्य मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि आधार विवरण के साथ अश्लील तस्वीरें ऑनलाइन अपलोड किए जाने के बावजूद लर्निंग लाइसेंस जारी हो गया। याची ने ऐसी घटनाओं को गंभीर बताते हुए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बताया है। हालांकि, केंद्र और राज्य सरकार की ओर से इन आरोपों का विरोध किया गया। सरकारी पक्ष ने कहा कि केवल आधार नंबर उपलब्ध कराने मात्र से लर्निंग लाइसेंस स्वतः जारी नहीं हो जाता, बल्कि इसके लिए अन्य निर्धारित औपचारिकताएं भी पूरी करनी होती हैं। इस पर न्यायालय ने सवाल किया कि यदि वास्तव में किसी मृत व्यक्ति के आधार नंबर के आधार पर उसके नाम पर लर्निंग लाइसेंस जारी हुआ है तो ऐसा कैसे संभव हुआ। हालांकि, सरकारी पक्ष की ओर से इस सवाल का कोई स्पष्ट जवाब न्यायालय को नहीं मिल सका।

## धीरेन्द्र हत्याकांड में शामिल 50 हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में हुए चर्चित धीरेन्द्र प्रताप सिंह हत्याकांड में पुलिस और एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी जय किशन को गिरफ्तार कर लिया है।

एसटीएफ और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को सेक्टर-10 चौराहे के पास घेराबंदी कर उसे दबोचा। आरोपी के पास से 7300 रुपये नकद और मृतक की कीमती अंगूठी बरामद हुई है।

धीरेन्द्र प्रताप सिंह की 29 अगस्त को हत्या कर दी गई थी।इस मामले में पुलिस ने पहले ही मुख्य साजिशकर्ता उनके चालक रवि उर्फ रवि किशन, उसके साथी ओमकार साहू और रवि की पत्नी पूजा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। घटना के खुलासे के बाद फरार आरोपितों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपित जय किशन ने बताया कि उसके बड़े भाई रवि किशन ने ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर धीरेन्द्र प्रताप सिंह की हत्या की साजिश रची थी। इस साजिश की जानकारी उसे और उसकी भाभी पूजा को भी थी। प्लॉट और मकान मिलने के लालच में वह इस साजिश में शामिल हो गया।

जय किशन ने बताया कि 29 अगस्त को उसने भाई रवि किशन और उसके दोस्त द्वारा भेजे गए शूटर के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।हत्या के बाद रवि किशन ने उसे कुछ रुपये और मृतक की अंगूठी देकर फरार होने के लिए कहा था। आरोपित ने यह भी कबूला कि हत्या के बाद उसने और उसकी भाभी पूजा ने सबूत मिटाने के लिए धीरेन्द्र प्रताप सिंह के मोबाइल फोन ट्रेन में फेंक दिए थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार लखनऊ में ही ठिकाने बदल बदल कर रहा था। इसी बीच एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इनामी आरोपित जय किशन सेक्टर-10 चौराहे पर किसी से मिलने आने वाला है, जिसके बाद संयुक्त टीम ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस अब अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## पांच युवकों को शांति भंग की धाराओं में पुलिस ने पकड़ा

**लखनऊ।** नगराम क्षेत्र के करोरा गांव में एक-दूसरे के खिलाफ दिए गए प्रार्थना पत्र को लेकर सोमवार को दो पक्ष फिर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के चार युवक आपस में भिड़ गए और मारपीट व फसाद पर आमादा हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन युवक शांत नहीं हुए। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने चारों को हिरासत में ले लिया। वहीं, एक अन्य मामले में सिरौना गांव निवासी युवक को भी झगड़ा-फसाद करने पर गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष नगराम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को उपनिरीक्षक संदीप कुमार पुलिस टीम के साथ करोरा गांव में एक प्रार्थना पत्र की जांच के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान प्रथम पक्ष के ददुरी जमालपुर निवासी दिलीप कुमार वर्मा (19) और आशू वर्मा (30) तथा द्वितीय पक्ष के करोरा निवासी आशीष गौतम (23) और अजय गौतम (20) पुराने विवाद और थाने में एक-दूसरे के खिलाफ दिए गए प्रार्थना पत्र को लेकर फिर आमने-सामने आ गए।

पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन चारों युवक उत्तेजित होकर फसाद करने पर आमादा रहे। किसी संज्ञेय घटना की आशंका और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चारों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत हिरासत में ले लिया। वहीं, दूसरे मामले में सिरौना गांव निवासी अमरजीत रावत को भी झगड़ा-फसाद करने के आरोप में शांति भंग की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद चालानी रिपोर्ट के साथ पांचों आरोपियों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया।

## हुक्का बार में दबिश, 13 गिरफ्तार 14 हुक्के व तम्बाकू बरामद

लखनऊ। ठाकुरगंज पुलिस ने अवैध हुक्का बार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से अवैध तम्बाकू उत्पाद व हुक्का बरामद यिा गया है। पुलिस का कहना है कि सोमवार को ठाकुरगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि 'द राशा कैफे' निकट चोर घाटी के पास चौकी रिंगरोड थाना ठाकुरगंज में अवैध रूप से हुक्का बार चल रहा है, जहां कम उम्र के लड़कों को लाइसेंस होने का झांसा देकर बुलाया जाता है तथा उनको नशे का आदी बनाया जा रहा है। इस सूचना का ठाकुरगंज पुलिस द्वारा संज्ञान लिया गया व मौके पर दबिश दी गयी तो मो0 एहतिशाम, फरहान खान, मो0 फरमान, तौकीर अहमद, मो0 साद, मुस्तफा, मो0 अनस, मो0 आमीर, अंकित कुमार, आजम, समीर, अमन चौधरी व मो0 अयान को गिरफ्तार किया गया। मौके पर 14 छोटे बड़े हुक्के मय पाट, स्टेम, आइसपाट, चीलम, पाइप के, 6 अतिरिक्त चिलम, तीन अतिरिक्त रबर पाइप, दो छोटे बड़े हीटर, तीन चीमटी, तीन पैस सिल्वर फाइल व 29 सील पैक फ्लेवर बरामद हुए।

## महिला से 2.53 लाख ठगी

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-के में रहने वाली महिला को साइबर जालसाजों ने डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेने के नाम पर ऐप डाउनलोड करा खाते को हैक कर लाखों की नगदी पार कर दी। मामले की जानकारी होने पर पीड़िता ने साइबर सेल समेत स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है। आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-के में रहने वाली रुचि सहगल पत्नी प्रदीप सहगल के अनुसार बीती 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे उनके एक रिश्तेदार पीएन टंडन ने फोन कर हेल्थ सिटी अस्पताल में मरीज किरण टंडन को दिखाने के लिए अपॉइंटमेंट लेने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल को फोन करने पर दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने अस्पताल का सर्विस ऐप डाउनलोड कर मरीज का विवरण भर 5 रुपये के ऑनलाइन भुगतान करने की बात कही। पीड़िता ने गूगल पे के माध्यम से 5 रुपये भुगतान का प्रयास किया लेकिन असफल रहा। जिसके बाद ठग ने उन्हें हैशटैग नंबर डायल कर फोन होल्ड पर रखने की बात कही। करीब 5 मिनट तक फोन होल्ड पर रखने के बाद पीड़िता ने फोन काट दिया। फोन काटते ही दो बार में उनके बैंक खाते से लगभग 2 लाख 54 हजार रुपए निकल गए।

## प्रदेश में तोरिया के निशुल्क मिनीकिट व रबी फसलों के बीजों की बुकिंग जारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश में तोरिया के 30 हजार मिनीकिट का कृषकों को निःशुल्क वितरण कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके सापेक्ष 07 सितम्बर तक किसानों द्वारा 15 हजार मिनीकिट की बुकिंग कराई जा चुकी है। इस संबंध में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे तोरिया के निःशुल्क मिनीकिट प्राप्त करने के लिए विभाग की वेबसाइट पर शीघ्र बुकिंग कर योजना का लाभ उठाएं। तोरिया के अतिरिक्त रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के 10.45 लाख कुंतल, चना के 69.96 हजार कुंतल, मटर के 17.89 हजार कुंतल, मसूर के 41.76 हजार कुंतल तथा राई/सरसों के 15.94 हजार कुंतल की बुकिंग प्रक्रियाधीन है, जिसके लिए कृषकों से अधिकाधिक संख्या में बुकिंग कराने का आह्वान किया गया है।

## सहारनपुर जाने से रोके गये अजय राय, जताया विरोध

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर सहारनपुर में मस्जिद के ध्वस्तीकरण की घटना के सम्बन्ध में मस्जिद कमेटी के सदस्यों से मुलाकात करने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से निकलकर सहारनपुर जा रहे थे। प्रदेश मुख्यालय से निकलते ही माल एवेन्यू चौराहे पर मौजूद पुलिस बल ने अजय राय को सहारनपुर जाने से रोका गया जिस पर वहां उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुलिस द्वारा रोके जाने का विरोध किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सहारनपुर जाने की जिद पर चौराहे पर ही सड़क पर बैठ गये, जहां सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन इकट्ठा हो गये, तब भारी पुलिस बल द्वारा अजय राय सहित सैंकड़ों कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले गयी, जहां से काफी देर बाद छोड़ा गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार जनआकांक्षाओं पर विफल साबित हुई है इसलिए वह डरी हुई है, जहां कहीं भी पीड़ितों की आवाज उठाने और उनके दुख दर्द बांटने के लिए कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता पहुंचते हैं उन्हें रास्ते में रोका जाता है यह लोकतंत्र और संविधान के विरूद्ध है। पुलिस लाइन से निकलने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी कांग्रेसी इको गार्डेन पहुंचे जहां विगत 6 दिनों से अनुसूचित जाति विभाग द्वारा चलाये जा रहे अनिश्चितकालीन धरने में शामिल हुए, जहां धरने का सातवां दिन था। इस मौके पर पूर्व विधायक भगौती प्रसाद चौधरी, पूर्व विधायक इन्दल रावत, असीम वकार, बद्री विशाल तिवारी, सलीम अख्तर, अब्दुल्ला शेर खान, मौलाना इस्लाही, डा. अरशद आजमी, डा. उमा शंकर पाण्डेय, सुरेन्द्र यादव, ओंकारनाथ सिंह, रूद्रदमन सिंह बबलू सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

## महिला दारोगा समेत 50 से अधिक पुलिसकर्मियों से करोड़ों ठगे

**पुलिस कमिशनर के आदेश पर मुकदमादर्ज**




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी में घूम रहे जालसाज ने पुलिस वालों को बड़ी संख्या में ठगा। ट्रांसफर-पोस्टिंग और निवेश के नाम पर इस जालसाज ने 50 से अधिक लोगों को करोड़ों का झटका दिया। महिला दारोगा समेत कई पुलिस वालों को चूना लगा दिया।

जालसाज हजरतगंज के विधानभवन, लोकभवन और दारुलशफा के आसपास जालसाजों का एक ऐसा समूह घूम रहा है जो विशेष रूप से पुलिस वालों को ही ठग रहा है। कभी ट्रांसफर-पोस्टिंग तो कभी निवेश के नाम पर इसने महिला दारोगा मोना सिकरवार समेत 50 से अधिक पुलिस कर्मियों से करोड़ों रुपये ठग लिए हैं। जालसाज खुद को शासन में तैनात बड़े अफसरों का करीबी बताकर पुलिस कर्मियों को निवेश में धन दोगुना करने और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम झांसे में लेता था। पीड़ित दरोगा की तहरीर पर हजरतगंज पुलिस जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में दबिश दे रही है। पीड़ित महिला दरोगा मोना सिकरवार चौक कोतवाली में तैनात हैं। पीड़िता के मुताबिक विधानसभा सत्र के दौरान दारुलशफा पुलिस चौकी में उसकी मुलाकात जालसाज प्रदीप शिवहरे उर्फ पप्पू से हुई थी। प्रदीप शिवहरे ने एक साल में धन दोगुना करने का झांसा दिया था। उसने निवेश के नाम पर कई योजना बताईं। खुद को कई बड़े अफसरों का करीबी बताया। उसके झांसे में आकर उसने 16.55 लाख रुपये निवेश के नाम पर ठग लिए। पीड़िता ने बताया कि 9.55 लाख रुपये उन्होंने प्रदीप शिवहरे को ऑनलाइन ट्रांसफर किए और सात लाख रुपये नकद दिए थे। निवेश में मुनाफे की रकम वापस न मिलने पर विरोध किया तो वह टाल मटोल करता रहा। इसके बाद उसने धमकी देनी शुरू कर दी। फिर उसने मोबाइल बंद कर लिया। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद जांच हुई तब आरोपी के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़िता ने बताया कि उसने लाखों रुपये ठगे जाने और धमकी से वह बेहद परेशान थी। उसने 28 जुलाई को शिकायत प्रकोष्ठ में प्रार्थनापत्र दिया था। इसके बाद पुलिस कमिश्नर से मिली। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर एसीपी हजरतगंज रजनीश वर्मा को पूरे मामले की जांच दी गई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपी जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## ग्रीन गैस मीटर अपडेट के नाम पर ग्राहक से ठगे 98 हजार

**फॉर्म भरवा बैंक की जानकारी हासिल कर जमा कराया 50 रुपये का सरचार्ज**

**लखनऊ।** आशियाना थाना के एलडीए कॉलोनी रजनी खंड में रहने वाले ग्रीन गैस लिमिटेड के उपभोक्ता को जालसाज ने अपने झांसे में लेते हुए उपभोक्ता के बैंक खाते की जानकारी हासिल कर उसके बैंक खाते से हजारों की नगदी निकाल ली। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल समेत स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत एलडीए कॉलोनी शारदा नगर योजना के रजनीखंड में रहने वाले सुरेंद्र सिंह की माने तो बीती 9 अगस्त की रात लगभग 8 बजे अज्ञात कॉलर ने फोन कर खुद को ग्रीन गैस लिमिटेड का कर्मचारी बता पीड़ित से गैस मीटर अपडेट न होने की बात कह तत्काल ऑफिस बुलाया और मीटर अपडेट न होने पर गैस सप्लाई रोकने की बात कही। पीडित ने तत्काल ऑफिस पहुंचने में असमर्थता जताई तो जालसाज ने व्हाट्सएप पर फॉर्म भेज कर भरने की बात कही। जालसाज ने उपभोक्ता को फॉर्म भेज ऑनलाइन 50 रुपये सरचार्ज जमा करने की सलाह दी। सरचार्ज जमा करने के 15 मिनट बाद ही उनके बैंक खाते से 98 रुपए रुपये निकल गए। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर सेल समेत स्थानीय आशियाना थाने में लिखित तहरीर दी। स्थानीय थाने में कोई सुनवाई न होता देख पीड़ित ने एसीपी कैंट से मामले की शिकायत की। एसीपी के निर्देश पर रविवार रात मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

## मुख्यमंत्री के विरुद्ध फर्जी व भ्रामक बातें फैलाने वाले के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

लखनऊ। मुख्यमंत्री की छवि आलमबाग थाने में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ने सोशल मीडिया पर एक प्रतिष्ठित मीडिया प्रतिष्ठान का नकली अकाउंट बनाकर फर्जी और भ्रामक स्टेटमेंट प्रसारित कर छवि को धूमिल करने का आरोप लगा लिखित शिकायत दी। अधिवक्ता की तहरीर पर रविवार रात मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी है। उच्च न्यायलय के अधिवक्ता आदेश कुमार वाजपेई ने आलमबाग थाने में लिखित शिकायत देते हुए आपत्ति दर्ज कराई कि एनबीटी ऑनलाइन न्यूज चैनल ऐप पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को धूमील करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री का फर्जी स्टेटमेंट प्रसारित किया जा रहा है। मामले की जानकारी होने पर अधिवक्ता के विरोध पर एनबीटी ने अपने ट्विटर हैंडल से उक्त स्टेटमेंट के प्रसारण का खंडन करते हुए कहा कि जहां से भी खबर प्रसारित की जा रही है यह उनका असली अकाउंट नहीं है, बल्कि कोई अन्य व्यक्ति फर्जी अकाउंट बनाकर मुख्यमंत्री के नाम से फर्जी और भ्रामक स्टेटमेंट को प्रसारित कर रहा है। एनबीटी के खंडन के उपरांत अधिवक्ता आदेश वाजपेई ने आलमबाग थाने में मामले की लिखित तहरीर दी।

## शिक्षिका ने महिला दरोगा को जड़ा थप्पड़

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। महानगर कोतवाली में हुए हंगामे के दौरान महिला शिक्षक ने महिला दरोगा को थप्पड़ जड़ दिया और हाथापाई की। मौके मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने दोनों को अलग कराया।

महिला दरोगा ने इस सम्बंध में शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंची शिक्षिका ने महिला दरोगा पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया। शिक्षिका का कहना है कि वह काफी देर से थाने में बैठी थी। महिला दरोगा देर से पहुंची। बार-बार शिकायत के बाद भी उसने मामले में कार्रवाई नहीं की। इस पूरे मामले में इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र का कहना है कि महिला दरोगा सान्या निरंजन की तहरीर पर शिक्षिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शिक्षिका उन्नाव जनपद के सर्वोदयनगर में रहती हैं।

पीलीभीत जनपद के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात हैं। शनिवार को शिक्षिका का विज्ञानपुरी मोहल्ले में किसी से विवाद हो गया था। महिला दरोगा सान्या निरंजन उसी क्षेत्र की हल्का प्रभारी हैं। शिक्षिका विवाद की शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। उस समय दरोगा सान्या अपने क्षेत्र में गश्त पर थी। कुछ देर बाद वह दरोगा थाने पहुंची। शिक्षिका ने उन्हें अपनी शिकायत बताई। दरोगा मामले में कार्रवाई कर रही थी। इस बीच शिक्षिका भड़क गई। महिला टीचर ने दरोगा से हाथापाई शुरू कर दी। महिला टीचर चिल्लाने लगीं। जब तक अन्य पुलिसकर्मी दौड़े शिक्षिका ने दरोगा को थप्पड़ जड़ दिया। महिला टीचर महिला दरोगा की वर्दी फाड़ने की कोशिश की। कोतवाली हंगामे जैसा माहौल हो गया। महिला पुलिस कर्मियों ने शिक्षिका को खींचकर अलग किया। इसके बाद दरोगा ने थाने में तहरीर दी। दरोगा की तहरीर पर आरोपी शिक्षिका के खिलाफ मारपीट करने, सरकारी कार्य में बाधा करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच- कर रही है।

## क्रिटिकल कॉरिडोर टीम का दायित्व केवल दुर्घटना के बाद की कार्रवाई तक सीमित नहीं : डीजीपी

**लखनऊ।** सड़क दुर्घटनाओं एवं जनहानि को न्यूनतम करने के उद्देश्य से जेडएफडी कार्यक्रम के तृतीय एवं चतुर्थ चरण की क्रिटिकल कॉरिडोर टीम प्रभारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 59 जनपदों के 213 दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर गठित 228 क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों के प्रभारी एवं जेडएफडी नोडल अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 राजीव कृष्ण ने दुर्घटनाओं के मूल कारणों की वैज्ञानिक पहचान एवं उनके प्रभावी निराकरण पर विशेष बल दिया।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से प्रदेश में संचालित जीरो फैसलिटी (जेडएफडी) योजना को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाए जाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ



स्थित अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद प्रेक्षागृह में यातायात निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला में जेडएफडी कार्यक्रम के तृतीय एवं चतुर्थ चरण के अंतर्गत प्रदेश के 59 जनपदों के सर्वाधिक दुर्घटना बाहुल्य 213 चिन्हित क्रिटिकल स्थानों पर गठित 228 क्रिटिकल कॉरिडोर टीमों (सीसीटीम्स) के प्रभारी अधिकारियों एवं जेडएफडी नोडल अधिकारियों (अराजपत्रित) द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला के दौरान राजीव कृष्ण पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश ने अपने सम्बोधन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को केवल आकस्मिक घटना मानने के बजाय उनके पीछे मौजूद कारणों की पहचान कर उन्हें दूर करने पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों का विश्लेषण कर उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय एवं निरंतर अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस महानिदेशक ने क्रिटिकल कॉरिडोर टीम प्रभारियों को अपने-अपने एरिया ऑफ रिस्पॉसबिलीटी में दुर्घटना संभावित स्थलों एवं उनके कारकों की पहचान कर प्रभावी रोकथाम की कार्यवाही मिशन मोड में संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना रोकथाम एवं दुर्घटना की विवेचना दोनों ही विशेषज्ञता वाले कार्य हैं, जिनमें तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी का प्रभावी उपयोग किया जाना चाहिए। संबंधित विभागों से अपेक्षित सुधारात्मक कार्यों को निरंतर फॉलोअप एवं उच्च स्तर पर एस्केलेट करते हुए पूर्ण कराया जाए।

## संक्षेप

### बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का प्रशासनिक अमले ने किया निरीक्षण

बांगरमऊ, उन्नाव।गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए खतरे से निपटने की तैयारी के क्रम में ए डी एम न्यायिक अमिताभ यादव के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला बाढ़ग्रस्त इलाके में पहुंचा तथा कई गांवों का भ्रमण कर आवश्यक रूपरेखा तय की। ज्ञात हो गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि जारी है जिससे बाढ़ से बढ़ते खतरे से निपटने की तैयारियों के मद्देनजर ए डी एम न्यायिक अभिताभ यादव ,उपजिलाधिकारी न्यायिक आनंद नायक व नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल यह तीनों अधिकारी सोमवार को गंगा तलहटी क्षेत्र पहुंचे इस दौरान उन्होंने गांव मल्लहन पुरवा,धन्ना पुरवा,नया पुरवा,हरिगंज,भिखार पुरवा, कुशाल पुरवा आदि गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से मिलकर स्थितियों की जानकारी ली तथा बाढ़ से निपटने की तैयारी हेतु आवश्यक रूपरेखा तय की इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेंद्र गौतम सहित अन्य तहशील के जिम्मेदार कर्मी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल ने कहा है बाढग्रस्त इलाके में कुल 22 नावों को प्रशाशन की तरफ से मुस्तैद किया गया है तथा तहसील कर्मी लगातार गांव में रुककर बाढ़ पर नजर बनाए हुए है ।

### ग्रामीणों ने संदिग्ध बदमाशों को दबोच कर किया पुलिस के हवाले

बांगरमऊ, उन्नाव।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में रविवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने किराना व्यापारी को रास्ते में रोककर असलहे के बल पर उसकी जेब में रखी बिक्री की रकम लूट ली और फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो संदिग्ध बदमाशों को दबोच लिया। जबकि उनका एक साथी बाइक समेत भागने में सफल रहा।ग्रामीणों ने पकड़े गए युवकों की पिटाई करने के बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम रूरी रसूलपुर के मजरा सलेमपुर निवासी जयप्रकाश पुत्र हरिश्चंद्र की रूरी तिराहे पर किराने की दुकान है। रविवार छह सितंबर की शाम रोज की तरह दुकान बंद करने के बाद वह बिक्री की रकम लेकर बाइक से घर जा रहा था।आरोप है कि सीताराम खेड़ा मोड़ के पास बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया और असलहे का भय दिखाकर उसकी जेब में रखे करीब 20 से 25 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने तत्काल मोबाइल फोन से ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने कई दिशाओं में घेराबंदी शुरू कर दी।इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जबकि तीसरा बदमाश भाग निकला। पकड़े गए युवकों की पहचान सूरज उर्फ बल्लू और रेहान उर्फ रईस के रूप में हुई है।ग्रामीणों ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित जयप्रकाश ने बेहटा मुजावर थाने में तहरीर दी है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।फरार आरोपी की तलाश के साथ ही लूटी गई रकम और घटना में प्रयुक्त बाइक व असलहे के संबंध में भी पुलिस छानबीन कर रही है।

# निजी अस्पताल हुआ सीज आरोपित आशा बहु को भेजा गया जेल

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव।प्राथमिक स्वास्थ्यकेन्द्र बीघापुर से कुछ ही दूरी पर बिना पंजीकृत के चल रहे न्यू मां हॉस्पिटल में हुई प्रसूता की मौत के मामले में उन्नाव सी एम ओ द्वारा गठित टीम ने जांच शुरू कर दी है । टीम के प्रभारी ए सी एम ओ ने अस्पताल पहुंच कर अस्पताल को सील करके प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अवैध रूप से चला रहे अस्पताल संचालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं ।मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या दर्ज कर आरोपित आशा बहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।वहीं अस्पताल के आरोपित संचालक व सह संचालक अभी तक फरार हैं , जिनकी गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है । अस्पताल की सुरक्षा के लिए एक सिपाही को अस्पताल के बाहर तैनात किया गया है ।

बताते चले कि बिहार थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खरही निवासी फतेबहादुर ने शनिवार को दोपहर बाद अपनी 27 वर्षीय पत्नी बिट्टो देवी को गांव की ही आशा बहू सुशीला के कहने पर बीघापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट संचालित न्यू मां हॉस्पिटल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था बिट्टो देवी ने शनिवार की रात ऑपरेशन द्वारा एक बेटी को जन्म दिया और जन्म के बाद मां बेटी दोनों की हालत बिगड़ गई तो अस्पताल संचालकों ने नवजात को उन्नाव के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा कर प्रसूता को वहीं भर्ती रखा जिसकी रविवार की सुबह मौत हो गई थी ।मौत के बाद परिजनों ने गलत ईलाज व लापरवाही की वजह से मौत होने का आरोप लगा अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया तो अस्पताल में मौजूद सभी कर्मचारी मौके से भाग खड़े हुए ।सूचना पर मौके पर पहुंचे सी ओ ने रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह कर मामला शांत करवा कर अस्पताल में ताला लगवाकर सुरक्षा के लिए एक सिपाही की ड्यूटी लगा दी थी ।

प्रभारी निरीक्षक अश्विनी मिश्रा ने बताया कि आशा बहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।अन्य आरोपियों की टीमें गठित कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं ।

सोमवार की शाम साढ़े 4 बजे ए स एम ओ नरेंद्र सिंह व बीघापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पंकज पांडेय ने अस्पताल पहुंच कर उसको सील कर दिया है ए सी एम ओ ने बताया कि सील होने के बाद भी अस्पताल खोल दिया गया था इसकी हमको जानकारी नहीं हुई।अस्पताल अवैधानिक तरीके से चल रहा था उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिए हैं ।प्रकरण की जांच शुरू की जा रही हैं।

# हाईवे पर खड़े डंपर में घुसी कार, आग लगने से पिता-पुत्र समेत तीन झुलसे, एक हैलट रेफर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कानपुर-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गंगा घाट थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसी, टक्कर के बाद कार में आग लग गई और वह धू-धू कर जलने लगी।

हादसे में कार सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस से सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार इटावा निवासी रीगल दीक्षित अपने बेटे कान्हा और बहनोई विष्णु के साथ कानपुर घूमने गए थे।देर रात करीब एक बजे वे कार से कब्बाखेड़ा-दरियाईखेड़ा में रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। आजाद मार्ग के पास गहरा बालाजी मंदिर के निकट उनकी कार आगे चल रहे डंपर से टकरा गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार ने तुरंत आग पकड़ ली।हाईवे पर कार को जलता देख अफरा-तफरी मच गई।

सूचना पर बदरका चौकी इंचार्ज अनिल त्रिपाठी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर यातायात भी बाधित रहा।

## ब्लाक संसाधन केंद्र में भरा पानी औपचारिकता के सिमटा प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव।ब्लाक संसाधन केंद्र औरास पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए पहुँचे प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक व शिक्षा मित्र बीआरसी प्रांगण में लबालब भरा पानी देख कर दाँतो तले अंगुली दबा ली। कई घंटे इधर उधर बैठे रहे ।अव्यवस्थाओ के बीच दोपहर बाद खाना पूर्ति के लिए आये शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू कराया गया।नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जल निकासी के लिए पम्पिंग सेट लगाया गया ।ब्लाक संसाधन केंद्र औरास पर सोमवार को 50 शिक्षक / शिक्षिकाओं व शिक्षा मित्रों को एफ एल एन , एन सी ई आर टी पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लाक संसाधन केंद्र के हाल में आयोजित होने की सूचना पर बीआरसी कार्यालय के पास पहुँचे शिक्षक बीआरसी प्रांगण में भरे लबालब पानी को देख कर शिक्षक , शिक्षिकाएं रोड पर ही ठहर गए ।अंदर जाने की हिम्मत नही जुटा पा रहे थे। प्रांगण में भरे पानी की सूचना पर खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार ने हसनगंज एसडीएम व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार से फोन पर बात की । काफी देर बाद नगर पंचायत कार्यालय से जल निकासी के लिए पम्पिंग सेट भेजा गया। इसी बीच अव्यवस्थाओ के चलते दोपहर बाद ए आर पी मनीष मिश्रा, राम मिलन व पूनम ने बीआरसी सभागार में शिक्षक / शिक्षिकाओं, शिक्षा मित्रों को बुलाकर प्रशिक्षण शुरू कराया गया।

*नगर पंचायत औरास में जल निकासी के लिए करोड़ो की लागत से नाले बनाए गए ।इसके बावजूद जल निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है।*

## रामलीला मैदान जाने वाले बदहाल मार्ग के निर्माण कराये जाने की उठी मांग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।नगर के स्टेशन रोड चौराहा से रामलीला मैदान समेत करीब एक दर्जन मोहल्लों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। मार्ग की खुदाई के बाद सड़क के बीचोंबीच नाला नुमा बन गया है।मामूली बारिश होते ही मार्ग पर पानी भर जाता है और आवागमन बाधित हो जाता है।पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।इसके बावजूद जिम्मेदारों की ओर से अब तक स्थायी समाधान नहीं कराया जा सका है।

नगर पालिका परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा सद्धू ने अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता को पत्र सौंपकर रामलीला शुरू होने से पहले मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले भरत मिलाप सहित अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। इसके अलावा यह मार्ग नगर के लगभग एक दर्जन मोहल्लों को मुख्य मार्गों से जोड़ता है।ऐसे में सवाल यह है कि जब रामलीला का आयोजन सामने है और हजारों लोगों के आने-जाने की संभावना है, तो क्या नगर पालिका प्रशासन समय रहते सड़क को दुरुस्त कराएगा या फिर हर वर्ष की तरह इस बार भी नागरिकों को जर्जर मार्ग और जलभराव की समस्या झेलनी पड़ेगी स्थानीय लोगों ने भी शीघ्र निर्माण की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। बस्ती में किराए का कमरा लेकर युवती के साथ रह रहे युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात जहरीला पदार्थ निकल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां गंभीर हालत में डॉक्टरों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया परिजन लिए ही जा रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गई। मूलता प्रयागराज के हंसरजापुर तहसील शराव के रहने वाले गगन मिश्रा 28 पुत्र केशव प्रसाद मिश्र अपने बड़े भाई पवन,मां चम्पा देवी सहित बहन निधि व छोटा भाई अभिनव के साथ हसनगंज सी ओ कालोनी में रहते थे ।पिता हसनगंज तहसील में फोर्थ क्लास में राजस्व कर्मचारी थे। बीते वर्षों पिता की मौत के बाद बड़े भाई पवन को नौकरी मिल गई थी जो सफीपुर तहसील में तैनात है।एक हफ्ते पहले मां और बहन प्रयागराज ग्रह जनपद गए हुए थे। मृतक गगन ने संदिग्ध परिस्थियो में शनिवार रात जहरीला पदार्थ निगल जिससे उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई की है। मृतक गगन ने हसनगंज क्षेत्र की निवाशी एक युवती से प्रेम विवाह किया था।तभी से कस्बे में ही किराए का कमरा लेकर रहता था।और क्रिकेट का अच्छा खिलाड़ी था कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

## अस्पताल के अधीक्षक ने जन औषधि केंद्र को दी कड़ी चेतावनी, नियमों की अनदेखी पर आधे घंटे के लिए लगवाया ताला

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। संयुक्त चिकित्सालय मौरावां के 100 बेड अस्पताल में संचालित पीहू मेडिकल स्टोर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की मनमानी से मरीजों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। गरीब मरीजों को सस्ती दवा देने की सरकार की मंशा पर यह केंद्र पलीता लगा रहा है।लगातार शिकायतों और नियमों की अनदेखी पर अधीक्षक डॉ. रवि अधौलिया ने सख्त एक्शन लेते हुए 8 सितंबर को आधे घंटे के लिए केंद्र पर ताला लगवा दिया।केंद्र पर अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की सूची का डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा होने से मरीजों को पता ही नहीं चलता कि कौन सी दवा अस्पताल में फ्री मिलेगी और कौन सी जन औषधि केंद्र से लेनी है, मरीजों से दवा का पैसा लेने के बाद कंप्यूटर जनित पक्का बिल नहीं दिया जाता जिससे अधिक दाम वसूली की आशंका बनी रहती है, जन औषधि केंद्र पर बाहर की महंगी दवाएं भी बेची जा रही हैं जिससे मरीजों को सस्ती जेनेरिक दवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और उन्हें मजबूरी में महंगी दवा खरीदनी पड़ रही है, लगभग एक साल से केंद्र संचालित है लेकिन पीएमबीआई के नियमों के तहत अन्य जेनेरिक दवाओं का अलग डिस्प्ले बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।अधीक्षक डॉ. रवि अधौलिया ने बताया कि ıफ के सामने ताला खोल दिया गया। अधीक्षक ने संचालक को तीन कार्य दिवस के भीतर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं और चेतावनी दी है कि यदि आगे भी नियमों का पालन नहीं हुआ तो केंद्र को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में पसरा मातम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव में सोमवार सुबह सनसनी फैल गई, जब एक 18 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला।सुबह घटना का पता चलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान गांव निवासी रमेश के बड़े बेटे सभाजीत ( 18 ) के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम हाउस में दोपहर करीब 2 बजे पिता रमेश ने बताया कि बेटे ने घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। परिजनों को सुबह इसकी जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई ।बताया जा रहा है कि सभाजीत नशे का लती था और कुछ दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था। परिवार में तीन भाई और दो बहनों में वह सबसे बड़ा था। उसकी मौत के बाद से पूरे घर में मातम का माहौल है।

परिजनों के मुताबिक सभाजीत कोई स्थायी काम नहीं करता था और अधिकांश समय घर पर ही रहता था। उसकी संगत भी ठीक नहीं थी और शराब पीने की लत थी। हालांकि उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है ।पिता रमेश ने बताया कि घर की बेटियों ने आकर बताया कि सभाजीत ने अंदर फंदा लगा लिया है। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं।घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है ।वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

## ०९गर तक पहुंचा पानी, गलियों में तैरने लगीं नावें

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।शुक्लागंज सहित गंगा के जितने तटीय इलाके हैं उसमे में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है।नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ का पानी अब नए मोहल्लों और गांवों में घुसने लगा है। श्रीनगर, मालवीय नगर, गगनीखेड़ा और फत्तेखेड़ा समेत कई तटीय इलाकों में गलियों तक पानी भर गया है, जिससे लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है।कई जगह लोग नाव से आने-जाने को मजबूर हैं ।सिंचाई विभाग के मुताबिक पहाड़ों पर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के चलते गंगा उफान पर है।कानपुर बैराज के सभी गेट खोलने के बाद उन्नाव में पानी की रफ्तार और तेज हो गई है ।शनिवार शाम 6 बजे गंगा का लेवल 112.37 मीटर था, जो रविवार शाम 6 बजे तक 112.52 मीटर हो गया।सोमवार सुबह यह 112.620 मीटर तक पहुंच गया।यानी 12 घंटे में करीब 10 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है।केंद्रीय जल आयोग ने सोमवार को जलस्तर 112.65 मीटर तक पहुंचने का अनुमान जताया है।अगर यही रफ्तार रही तो गंगा जल्द ही खतरे के निशान को पार कर सकती है ।बढ़ते जलस्तर के कारण श्रीनगर इलाके में बाढ़ का पानी घरों के सामने तक आ गया है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।मालवीय नगर में पानी कम होने पर नाव हटा ली गई थी, लेकिन दोबारा जलस्तर बढ़ने से वहां नाव की व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं।उधर ग्रामीण इलाकों में गगनीखेड़ा, फत्तेखेड़ा, गोताखोर कर्बला और सैय्यद कंपाउंड में भी पानी घुसने से हालात बिगड़ने लगे हैं।रास्ते डूबने से आवागमन ठप हो गया है और जहरीले जीवों का खतरा भी बढ़ गया है ।तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों ने प्रशासन से पर्याप्त नावों की व्यवस्था और बाढ़ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित जगह पहुंचाने की तैयारी पहले से करने की मांग की है।

## सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से, योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने पर जोर

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।डीएम ने अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों को भव्यता और शासन के निर्देशों के अनुरूप आयोजित कराने के निर्देश दिए।उन्होंने लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी ली और सभी विभागों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का लाभ जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए अधिकारी प्राथमिकता से कार्य करें। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर के कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तर के कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी उप जिलाधिकारी तथा जिला स्तर के कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी होंगे। अभियान के दौरान विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए गए हैं ।कई कार्यक्रम होंगे आयोजितसेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद दीया, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, बड़नगर से वाराणसी यात्रा, सेवा मेरा योगदान और सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।इसके अलावा विकासखंड स्तर पर सात दिवसीय शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाए बिना मौके पर ही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।रंगोली राष्ट्र एवं घर-घर से राष्ट्र तक, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज और जन सेवा महाकुंभ-पंचायत से पार्लियामेंट जैसे कार्यक्रम भी अभियान का हिस्सा होंगे ।डीएम ने कहा कि अभियान का मूल उद्देश्य सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति किए गए नीतिगत सुधारों तथा जनकल्याणकारी कार्यों और देश-प्रदेश में हुए बदलावों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं और शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाए तथा योजनाओं की जानकारी लोगों को उपलब्ध कराई जाए ।अभियान की गतिविधियों की नियमित समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पृथ्वीराज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गॉड, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला विकास अधिकारी देव चतुवेर्दी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपद के शाश्वत प्रताप सिंह बने लेफ्टिनेंट, पहली बार गांव आगमन पर भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर मण्डफहा निवासी अमरेन्द्र प्रताप सिंह के सुपुत्र शाश्वत प्रताप सिंह ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है।ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव पहुंचे शाश्वत का क्षेत्रीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।



शाश्वत प्रताप सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीडीएस परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त की थी। इसके बाद उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी चेन्नई में एक वर्ष की कठोर सैन्य ट्रेनिंग सफलता पूर्वक पूरी की।5 सितंबर को पासिंग आउट परेड के बाद सोमवार को जब वे पहली बार अपने गृह नगर पहुंचे, तो लोगों का उत्साह देखने लायक था शाश्वत के स्वागत के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अकवाबाद टोल प्लाजा पर ग्रामीणों और शुभचिंतकों का हुजूम उमड़ पड़ा।लगभग 50 चार पहिया गाड़ियों के काफिले के साथ लोग उनके स्वागत में पहुंचे।वहां से देशभक्ति के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर उन्हें गांव तक लाया गया।गांव पहुंचने के क्रम में उन्होंने तकिया स्थित प्रसिद्ध सहस्त्रलिंगेश्वर मंदिर में दर्शन कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया।इस गौरवपूर्ण अवसर पर धर्मेंद्र सिंह (प्रधानाचार्य), दीपक सिंह, प्रिंसू सिंह, रिंकू सिंह, पियूष, मोनू सिंह,सोनू सिंह, संजय सिंह, सुरेश, मुन्ना सिंह और आकाश सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक व रिश्तेदार मौजूद रहे।

## जरी-जरदोजी और चिकनकारी के हुनर सीखेंगी महिलाएं, 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड डालीगंज लखनऊ द्वारा संचालित कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के तहत सोमवार को फतेहगंज में दो ट्रेडों का प्रशिक्षण शुरू हुआ। महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विकास खंड पुरवा की ग्राम पंचायत फतेहगंज में मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र की ओर से 15 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसमें जरी-जरदोजी ट्रेड का एक बैच सामान्य वर्ग और चिकनकारी ट्रेड का एक बैच एससीएसपी वर्ग के लिए लगाया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री डॉ. रजनीश वर्मा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोधी, मंडल महामंत्री अमर सिंह, ग्राम प्रधान केतारे लाल, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह, प्राचार्य तनुजा, सहायक उत्पादन अधीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह, औद्योगिक सहकारी पर्यवेक्षक जितेंद्र नाथ शुक्ल मौजूद रहे।

सभी अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार और उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षक बेंचे लाल राजपूत ने किया।

इस दौरान कल्पना, रजनी, रोली, सोनी, रितु यादव, शिवानी यादव, डॉली सोनी, शांतावती, दिव्यांशी, काजल, विनीता, सारिका चौधरी समेत 50 प्रशिक्षार्थी मौजूद रहीं।

## सम्पादकीय

# नियमों की अनदेखी जवाबदेही किसकी?

दिल्ली के सत्य निकेतन में पांच मंजिला हॉस्टल का भरभराकर गिरना महज एक इमारत के ढहने की घटना नहीं है। यह उस जर्जर व्यवस्था पर बड़ा सवाल है, जो हादसे के बाद तो पूरी ताकत से सक्रिय दिखाई देती है, लेकिन हादसे से पहले खतरे को पहचानने में अक्सर नाकाम रहती है। दो छात्रों की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद राहत-बचाव अभियान चल रहा है, लेकिन असली सवाल मलबे से कहीं बड़ा है। आखिर इमारत गिरी क्यों और इसे गिरने से पहले रोका क्यों नहीं जा सका? प्रारंभिक जांच में नवीनीकरण और बेसमेंट में चल रहे काम से इमारत के निचले हिस्से के कमजोर होने की आशंका सामने आई है। इनमें नियमों की अनदेखी की गई। अब यह जवाबदेही किसकी है। अगर भवन में नवीनीकरण या बेसमेंट की खुदाई चल रही थी तो उसकी सुरक्षा जांच किसने की? क्या काम के दौरान भवन की संरचनात्मक मजबूती का आकलन किया गया? क्या आसपास की इमारतों पर पड़ने वाले संभावित खतरे को देखा गया? गंभीर बात यह है कि सत्य निकेतन में यह पहला हादसा नहीं है। वर्ष 2022 में भी इसी इलाके में नवीनीकरण के दौरान तीन मंजिला मकान का हिस्सा गिरने से दो लोगों की मौत हुई थी। हादसे के बाद भी जांच और कार्रवाई की बातें हुई थीं। चार साल बाद फिर उसी इलाके में बहुमंजिला इमारत का गिरना बताता है कि पुराने हादसे से मिले सबक कितने कमजोर साबित हुए। सवाल यह है कि क्या इस बीच यहां के पीजी, हॉस्टल और नवीनीकरण वाली इमारतों का कोई सुरक्षा सर्वे हुआ? इससे पहले भी राष्ट्रीय राजधानी में होटल में आगजनी, कोचिंग सेंटरों में हादसे और बुराड़ी में इमारत गिरने से कई लोगों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। सत्य निकेतन दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के आसपास का प्रमुख छात्र इलाका है। बड़ी संख्या में छात्र यहां पीजी और किराये के कमरों में रहते हैं। ऐसे में एक छोटी सी संरचनात्मक चूक बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। फिर भी सवाल यही है कि प्रशासन के पास ऐसे भवनों का अद्यतन रिकॉर्ड और उनकी सुरक्षा की नियमित निगरानी कितनी प्रभावी है? यह समस्या सिर्फ सत्य निकेतन की नहीं है। दिल्ली में समय-समय पर इमारतों के गिरने की घटनाएं सामने आती रही हैं। हर हादसे के बाद अवैध निर्माण, कमजोर ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चर्चा होती है। कुछ समय बाद जांच की फाइलें ठंडी पड़ जाती हैं और शहर उसी ढर्रे पर लौट आता है। यही सबसे खतरनाक स्थिति है। हादसे के बाद दमकल, पुलिस, आपदा प्रबंधन और बचाव दलों का तेजी से मौके पर पहुंचना जरूरी है, लेकिन सरकार की असली परीक्षा मलबे में फंसे लोगों को निकालने से पहले शुरू होती है। क्या उसने उस खतरे को पहचाना था, जिसे समय रहते टाला जा सकता था? आपदा प्रबंधन जरूरी है, लेकिन आपदा रोकना उससे कहीं बड़ी जिम्मेदारी है। अब जरूरत केवल इस इमारत की जांच की नहीं है। दिल्ली के सभी प्रमुख छात्र इलाकों में पीजी, हॉस्टल और बहुमंजिला इमारतों का विशेष संरचनात्मक सर्वे होना चाहिए। जहां बेसमेंट की खुदाई, बड़े स्तर पर नवीनीकरण या अनधिकृत निर्माण हो रहा है, वहां तत्काल तकनीकी जांच जरूरी है। जांच में यदि भवन मालिक, ठेकेदार या किसी तकनीकी विशेषज्ञ की लापरवाही सामने आती है तो कार्रवाई हो। यदि निगरानी करने वाले विभाग की चूक मिलती है तो अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय हो। जवाबदेही उस व्यवस्था की भी होनी चाहिए, जिसने खतरे को समय रहते रोकने का काम नहीं किया।



विशेष

जयंत चौधरी

किसी को भी पहली बार पढ़ना सीखने का सटीक दिन याद नहीं होता। लेकिन लगभग हर व्यक्ति उन शिक्षकों को जरूर याद रखता है, जिन्होंने उसे पढ़ाया होता है। भूल जाने वाले पल और कभी न भुलाए जाने वाले व्यक्ति के बीच का यही अंतर हमें शिक्षण कार्य के बारे में कुछ बेहद जरूरी बातें बता जाता है। एक शिक्षक अपने पीछे ऐसी चीजें छोड़ जाता है, जिन्हें आसानी से आंक पाना संभव नहीं होता– कोशिश करने का आत्मविश्वास, डटे रहने का अनुशासन, सवाल पूछने की जिज्ञासा या कभी-कभी मात्र यह भरोसा कि इंसान और भी बहुत कुछ कर सकता है। इसलिए, शिक्षण को एक कला से कम कुछ भी नहीं माना जा सकता।

# शिक्षक: जीवन को 'आकार' देने वाले सच्चे 'कलाकार'

भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा हर वर्ष प्रदान किए जाने वाले'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार'वास्तव में उन चुनिंदा लोगों के प्रति सम्मान होते हैं, जिनका योगदान दूसरों से कहीं बढ़कर रहा होता है। इन सबके अलावा, देश के हर कोने में- चाहे वह कक्षा हो, कौशल संबंधी प्रयोगशाला,पॉलिटेक्निक, खेल का मैदान या फिर संगीत कक्ष। विद्यार्थीगण धन्यवाद कहने का अपना-अपना तरीका ढूंढ ही लेते हैं। कभी हाथ से लिखी हुई एक टिप्पणी...कभी सुबह की सभा में आभार जताने का एक पल। कभी एक ऐसी खामोश सराहना जो दिन खत्म होने के काफी देर बाद तक शिक्षक के मन में बसी रहती है। ये कोई कमतर उत्सव नहीं हैं, बल्कि कई मायनों में ये सबसे सच्चे उत्सव हैं।

हालांकि, आंकड़े हमें एक और चिंताजनक कहानी बताते हैं। ओईसीडी का 2026 का 'टीचर नॉलेज सर्वे'किसी विषय की जानकारी होने और उसे पढ़ा पाने की क्षमता के बीच के अंतर की ओर इशारा करता है। इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों से पता चलता है कि विषय का ज्ञान हमेशा कारगर शिक्षण-पद्धति में नहीं बदलता। बात बिल्कुल सरल, लेकिन बेहद जरूरी है। किसी चीज को गहराई से जानना और किसी दूसरे व्यक्ति को उसे सीखने में मदद करना- ये दोनों अलग-अलग कौशल हैं। शिक्षण एक कला है और इसके लिए मानवीय रिश्तों एवं पढ़ाने के तरीकों की समझ के साथ-साथ कक्षा में थोड़ी नाटकीयता की भी जरूरत होती है।

यूनेस्को की 'शिक्षकों से संबंधित वैश्विक रिपोर्ट 2024'में इस पेशे की उपेक्षा करने की कीमत को आंकड़ों में दर्शाया गया है। दुनिया को 2030 तक 44 मिलियन अतिरिक्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की जरूरत होगी। इनमें से आधे से अधिक की जरूरत केवल उन शिक्षकों की जगह लेने के लिए होगी जो नौकरी छोड़ रहे हैं। वहीं, मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि स्वचालन (ऑटोमेशन)के कारण 2030 तक दुनिया भर में 75 मिलियन से 375 मिलियन कामगारों को अपना पेशा बदलना पड़ सकता है। ऐसी परिस्थिति में, योग्य शिक्षकों की अहमियत पहले से कहीं अधिक होगी।

भारत ने इस चुनौती को समय रहते भांप लिया है और इससे पूरी गंभीरता से निपटने की दिशा में कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शुरू किए गए चार-वर्षीय'एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम' में विषयगत निपुणता तथा शिक्षण-पद्धति को एक ही स्नातक कि डिग्री में शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को शिक्षण के पेशे की ओर आकर्षित करना है। सेवा में कार्यरत शिक्षकों के बीच एक जैसे मानक सुनिश्चित करने हेतु, 'शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय पेशेवर मानक (एनपीएसटी)'के तहत करियर में तरक्की को मात्र वरिष्ठता के बजाय, पढ़ाने की असलगुणवत्ता से जोड़ा गया है। अलग-अलग क्षेत्रों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया का लाभ उठाने हेतु, 'नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग (एनएमएम)'शिक्षकों को अलग-अलग क्षेत्रों के मार्गदर्शकों (मेंटर) से सीखने के लिए व्यवस्थित सहायता प्रदान करता है। मैंने भी इस मिशन के लिए



एक मेंटर के तौर पर पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री हर वर्ष राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं से न केवल बधाई देने के लिए, बल्कि उनकी बातें सुनने, जमीनी स्तर की उनकी कहानियां जानने और उनसे एक ऐसा दृष्टिकोण साझा करने के लिए भी मिलते हैं जो केवल अनुभवी नेतृत्व से ही प्राप्त हो सकता है। शिक्षण एक रचनात्मक काम है और अलग-अलग क्षेत्रों से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया इस रचनात्मकता को नयापन प्रदान करती है।

भारत में 'शिक्षक'किसे माना जाए, इसका दायरा भी बढ़ाया जा रहा है और शायद यह सबसे अनूठा विचार है। 'समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ (उल्लास)' यानी 'न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम'इस सिद्धांत पर आधारित है कि हर साक्षर व्यक्ति एक निरक्षर व्यक्ति को पढ़ा सकता है। इस वर्ष जब हम 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मना रहे हैं, तो इस कार्यक्रम के तहत नौ राज्यों एवं केंद्र-शासित प्रदेशों को पूरी तरह साक्षर घोषित किया गया है। शिक्षा मंत्रालय के 'विद्यांजलि' पोर्टल में भी यही भावना दिखाई देती है। यह पोर्टल 8.75 लाख से अधिक सरकारी स्कूलों को ऐसे वॉलंटियरों से जोड़ता है जो एक उपहार के रूप में अपनी विशेषज्ञताओं - चाहे वह नृत्य से संबंधित हो या गणित से या सार्वजनिक भाषण या फिर शिल्प से - को कक्षाओं में प्रदर्शित करते हैं। हर वॉलंटियर एक शिक्षक की भूमिका निभाता है। ये वॉलंटियर जो भी विषय पढ़ाते हैं, उसे बराबर का महत्व दिया जाता है। क्योंकि वास्तव में, शिक्षण कोई तकनीकी काम नहीं बल्कि एक कला है। हर अध्याय को पढ़ाने की योजना एक रचना जैसी होती है। हर व्याख्या एक प्रदर्शन सरीखी होती है। कोई भी कला किसी भी कलाकार में भेद नहीं करती। इसलिए हमारे मन में ऊंच-नीच की जो भी धारणा है, उसे परख कर खत्म करना जरूरी है। कभी-कभी संगीत शिक्षक या शारीरिक शिक्षा के शिक्षक को पूरक और व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षक को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर देखा जाता। यह वर्गीकरण न केवल अनुचित है, बल्कि पूरी तरह गलत भी है। परीक्षा का दबाव बढ़ने पर संगीत या व्यायाम मन को शांत कर सकते हैं, जिससे तैयारी में मदद मिलती है। भारत की बढ़ती रचनात्मक अर्थव्यवस्था (ऑरेंज इकोनॉमी) के साथ, अनेक कला रूप विद्यार्थियों को आधुनिक दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक के लिए तैयार करेंगे। जैसे-जैसे खेल विश्वविद्यालय आकार ले रहे हैं और राष्ट्रीय खेल अवसंरचना को सुदृढ़ कर रहे हैं, खेल प्रशिक्षक तथा शारीरिक शिक्षा के शिक्षक एक विश्वसनीय करियर के द्वार खोलेंगे। सटीक मैन्यूफैक्चरिंग सिखा रहे आईटीआई के प्रशिक्षक, ऐसे कौशल विकसित कर रहे हैं जो पुलों के निर्माण और अस्पतालों को सुदृढ़ बनाने में सहायक हैं। यही राष्ट्र निर्माण का एक दूसरा स्वरूप है। आज के दौर में जब मशीनें लगभग हर उस काम को करने में सक्षम हो रही हैं जिसका पहले से अनुमान लगाया जा सकता है, तब भी एक काम ऐसा है जिसकी जगह कोई नहीं ले सकता- और वह है शिक्षक का काम: एक ऐसा शिक्षक जो एक विद्यार्थी में ऐसी क्षमता देख लेता है जिसे खुद विद्यार्थी अभी नहीं देख पा रहा होता है। इस काम का कोई एल्गोरिदम नहीं है। यह स्कूल की घंटी बजने पर खत्म नहीं होता। और यह देश भर के हर तरह के संस्थान में, हर विषय के हर शिक्षक से जुड़ा है। एक लैटिन कहावत इस तथ्य को सटीक ढंग से रेखांकित करती है- नॉन स्कोलाए सेड विताए डिस्सिमस (Non scholae sed vitae discimus)। हम स्कूल के लिए नहीं, बल्कि जिंदगी के लिए सीखते हैं।

मंथन

ज्ञानेन्द्र रावत



# पूरे हिमालय क्षेत्र की साझा चेतावनी है नेपाल त्रासदी

बीती 26 सितंबर की अल-सुबह तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के रसुबा जिले में आए सैलाब के तांडव की चपेट से धादिंग, नुवाकोट, गोरखा, तनहुं, नवरपासी और चितवन समेत तमाम निचले इलाकों के हजारों घर, दफ्तर, बाजार का अस्तित्व मिट गया। वहां सड़कों का अता-पता नहीं है। करोड़ों-अरबों के आर्थिक नुकसान का अनुमान है। अभी तक 1127 से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैं। उनकी पहचान प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। चार हजार आठ सौ अट्ठावन से ज्यादा की तादाद में लोग और 583 विदेशी पर्यटक अभी भी लापता हैं, जबकि 315 पर्यटक बचा लिए गए हैं। अभी तक 756 से ज्यादा लोगों को बचाव दल द्वारा बचा लिया गया है। 290 मानसरोवर जाने वाले यात्रियों की तलाश जारी है। वहां अस्पतालों में शवों के रखने की जगह कम पड़ने के बाद शवों को बाहर टैंटों में रखना पड़ रहा है। भोटेकोशी और त्रिशूली घाटियों में स्थित 14 पनबिजली परियोजनाएं पूरी तरह तबाह हो गई हैं, परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे लोगों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। नेपाल, चीन और भारत के हजारों राहतकर्मी बचाव कार्य में लगे हैं। नदी के तेज बहाव के बीच दुर्गम हालात में बचाव कर्मियों के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। नेपाल में यह सैलाब कैसे आया, इस बाबत अलग-अलग वैज्ञानिक दृष्टिकोण सामने आए हैं। सच्चाई यह है कि न तो उस वक्त नेपाल में तेज बारिश हुई, न मौसम ही खराब था लेकिन इस जलजले ने वहां सब-कुछ तबाह कर दिया। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि हिमस्खलन द्वारा तिब्बत के केरूंग इलाके में लेंडे नदी को अवरुद्ध करने से नदी में झील का निर्माण हुआ और भारी मात्रा में उसमें पानी जमा हो गया। जब यह हिमनद फटा तो भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में बाढ़ आ गयी।

दूसरी ओर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि गोसाई कुंडा से 47 किलोमीटर उत्तर में तिब्बती इलाके में उस दिन सुबह 8.37 बजे 4.4 तीव्रता का भूकंप आया। इससे नदी में बनी झील का बांध टूट गया। इस दृष्टिकोण को नेपाल के विदेश मंत्री भी स्वीकारते हैं। कुछ इसके पीछे ग्लेशियर झील के फटने, कुछ बर्फ के पिघलने से या हिमस्खलन से अचानक नदी में बाढ़ आने, कुछ तिब्बत के पठारी इलाके में भारी बारिश आने से नदी के जलस्तर बढ़ने से आयी बाढ़ आने और कुछ रसुवा जिले में 17 हजार फीट की ऊंचाई पर ग्लेशियर के फटने और उसके हिस्से टूटकर गिरने और अपने साथ मलबा बहाकर लाने को इस जल प्रलय की असली वजह मानते हैं। इसमें दो राय नहीं है कि समूचा हिमालयी क्षेत्र गंभीर पारिस्थितिकी संकट से जूझ रहा है। पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय परिस्थितिजन्य स्थितियों से जुड़े संकट का मौजूदा हालात में केवल नेपाल ही नहीं, समूचा हिमालयी क्षेत्र सामना कर रहा है। यह पहाड़ों पर विकास और पर्यावरण के बीच असंतुलन का ही दुष्परिणाम है। यह गंभीर मामला है। विकास को राहत उपायों के साथ संतुलित किए जाने की बेहद जरूरत है। मानव ने प्रकृति में इतना अधिक हस्तक्षेप किया है जिसका प्रकृति अब हमें जवाब दे रही है। हिमालय के हादसे बता रहे हैं कि हिमालय क्षेत्र में सब ठीक नहीं चल रहा है। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की अनदेखी समझ से परे है। ऐसे समय जब समूची दुनिया बढ़ते तापमान के कहर से त्रस्त है और जब इस इलाके में मौसमी विभीषिका विकराल रूप ले रही हैं, तब ये आपदायें इस क्षेत्र में तमाम खतरों की संवेदनशीलता की ओर संकेत करती हैं और हिमालय की नाजुक ढलान, घाटियों में मानवीय तथा निर्माण गतिविधियों के प्रति सावधान करती हैं। नेपाल में जिस तरह कुदरत का कहर बरपा है, उससे न सिर्फ शासन तंत्र को, बल्कि समाज को भी सबक लेने की जरूरत है। यह भी कि हिमालयी अंचल में विकास योजनाओं के निर्माण के समय क्या-क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए। हमारी जिद ही हमें इस इलाके में मैदानी क्षेत्र की तरह विकास करने की ओर ले जाती है। यही वजह है कि यह पर्वत श्रृंखला जो हमारे लिए ही नहीं, समूचे क्षेत्र के लिए वरदान है, हमारा साथ छोड़ रही हैं। बीते दशक की आपदाएं चेतावनी हैं जिन्हें समझना और उन पर अमल बेहद जरूरी है।

## ईश्वर के उपकारों का सिलसिला अनंत



संकलित

दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा



संकलित

प्रेरणा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

## सटाका




## आज की पाती

### शिक्षक दिवस की सार्थकता

शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि समाज की वैचारिक और नैतिक रीढ़ को आकार देने वाले शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि समाज के सबसे उत्कृष्ट मस्तिष्कों को ही शिक्षक अर्थात अध्यापक होना चाहिए। आज के डिजिटल युग में तथ्यों और सूचनाओं की भरमार है, लेकिन उन सूचनाओं को विवेक, समझ और उपयोगी ज्ञान में तबदील करने का कार्य केवल एक शिक्षक ही कर सकता है। शिक्षक का प्रभाव केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहता। वह छात्र में अनुशासन, सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता, न्यायबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मानवीय मूल्य स्थापित करता है। इसी में शिक्षक तथा शिक्षक दिवस की सार्थकता है।

*- सुदर्शन गोस्वामी, अंबाला*

## ट्रेंड

### बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का सर्वे



चित्रकूट जिले में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे और घाटों का जमीनी निरीक्षण किया। बाढ़ से प्रभावित 800 परिवारों को राहत सामग्री बांटी गई, बेघर हुए परिवारों को जमीन के आवंटन प्रमाण-पत्र दिए।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उत्तरप्रदेश

### घायलों को तुरंत मिले इलाज



दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरने की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है। खबरों के मुताबिक, मलबे के नीचे कई लोग दबे हुए हैं, जिनमें दिल्ली यूनिवर्सिटी के कई छात्र भी शामिल हैं। मेरी अपील है कि सभी बचाव दल हर सम्भव कोशिश करके घायलों को तुरंत सबसे अच्छा इलाज दिलाएं।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### छात्रों के सपनों को उड़ान



टेक्नोलॉजी के जरिए टैलेंट को सशक्त बनाकर, हम अपने होनहार छात्रों के सपनों को नई उड़ान दे रहे है। मेरा मानना है कि लैपटॉप छात्रों की पढ़ाई, रिसर्च, इनोवेशन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मददगार साबित होगा।

- **डा. मोहन यादव**, सीएम, मध्य प्रदेश

### पंजाब में बहुत तरक्की



पिछले चार सालों में पंजाब ने बहुत तरक्की की है। जिस पंजाब को पिछली सरकारों ने नशे की दलदल में धकेल दिया था, आज उसी पंजाब के गांवों के बच्चे 'खेड़न वतन पंजाब दियां सीजन 4' में अपना हुनर दिखा रहे है। अब हमारा पंजाब बदल रहा है।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# पाक के पंजाब सूबे को पड़ोसी राज्यों से अधिक खतरा : मरियम


पाकिस्तान के पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने कहा कि उनके सूबे को पड़ोसी देशों से अधिक पड़ोसी सूबों से खतरा है। पाकिस्तान में विशेषकर पंजाब से सटे खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सूबों में गत वर्षों के दौरान आतंकी गतिविधियां काफी बढ़ी हैं। पंजाब सूबे की सीमा भारत से भी लगती है। मरियम ने शनिवार को लाहौर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'पंजाब में आतंकवाद राज्य की सीमाओं से दाखिल होता है। दुख की बात यह है कि 13 करोड़ की आबादी वाले पंजाब को जो खतरा है, वह मेरे पड़ोसी देशों से कम और मेरे पड़ोसी राज्यों से अधिक है।'



## ऑफ बीट

# दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा

शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं



## संक्षेप

### एक माह में कई बार मेन लाइन फेल, सहाबा पावर हाउस से जुड़े क्षेत्रों में बिजली संकट

**सहाबा पावर हाउस की विद्युत व्यवस्था ध्वस्त, भीषण गर्मी में घंटों कटौती से लोग बेहाल**

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। सहाबा पावर हाउस से विद्युत आपूर्ति वाले क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है। भीषण गर्मी के बीच प्रतिदिन आठ से दस घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग की ओर से हर बार मेन लाइन ब्रेकडाउन होने की बात कहकर लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और छात्रों को हो रही है। क्षेत्र के कई विद्यालयों में परीक्षाएं चल रही हैं, ऐसे में लगातार बिजली कटौती के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले एक माह में कई बार मुख्य लाइन के ब्रेकडाउन होने की समस्या सामने आ चुकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर मुख्य लाइन बार-बार क्यों खराब हो रही है। रविवार को भी सुबह से विद्युत आपूर्ति बाधित रही और काफी मशक्कत के बाद रात करीब एक बजे बिजली बहाल हो सकी। इसके अगले ही दिन सोमवार को शाम करीब चार बजे फिर आपूर्ति ठप हो गई। लगातार हो रही इस समस्या से सहाबा पावर हाउस से जुड़े क्षेत्रों के उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की है, लेकिन बार-बार होने वाले ब्रेकडाउन की स्थायी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि जिले के उच्चाधिकारी भी इस गंभीर समस्या का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। रुपईडीहा कस्बे के स्थानीय लोगों ने सरकार और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि लगातार हो रहे मेन लाइन ब्रेकडाउन की जांच कराई जाए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही सभी विद्युत लाइनों और उपकरणों की तकनीकी जांच कर जहां भी खराबी हो, उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### जगदीशपुर में श्रमिक 11 हजार वोल्ट लाइन से झुलसा

अमेठी , औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में एक निजी इकाई में काम करते समय एक श्रमिक 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने घायल श्रमिक को तत्काल जगदीशपुर ट्रामा सेंटर पहुंचाया। घायल श्रमिक की पहचान बख्तावर नगर, शुकुल बाजार निवासी रंजीत पुत्र केशव के रूप में हुई है। वह निजी इकाई में मिस्त्री का काम कर रहा था। बताया गया कि काम के दौरान एक बोरी की रगड़ 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन से हो गई।

# 116 ग्राम स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 35 लाख रुपये, भारतीय-नेपाली मुद्रा भी बरामद**

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रुपईडीहा पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है।थाना प्रभारी रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 116 ग्राम अवैध स्मैक, 21,029 रुपये भारतीय मुद्रा, 23,800 रुपये नेपाली मुद्रा और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई गई है।उन्होंने बताया कि अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 सितंबर की रात रुपईडीहा थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम दशहरा बाग क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर एक महिला को रोककर तलाशी ली गई। उसके कब्जे से 116 ग्राम स्मैक बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार महिला की पहचान शकीला बीबी उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी मो. इस्लाम उर्फ लालबादशाह, निवासी दशहरा बाग नई बस्ती, थाना रुपईडीहा के रूप में हुई है।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना रुपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी महिला को न्यायालय बहराइच रवाना कर दिया गया।कार्रवाई में रुपईडीहा पुलिस के साथ एसएसबी एफ-कॉय 42वीं वाहिनी नानपारा की टीम भी शामिल रही। पुलिस के मुताबिक सीमा क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चेकिंग और निगरानी अभियान लगातार जारी रहेगा

### कला उत्सव में 175 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में जनपदीय कला उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम विकसित भारत-वर्ष 2047 के भारत की परिकल्पना रही। कार्यक्रम में जनपद के 20 माध्यमिक विद्यालयों के 175 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर विभिन्न कला विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने शास्त्रीय नृत्य, पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत, शास्त्रीय गायन, वाद्य वादन, नाटक, चित्रकला, मूर्तिकला, स्थानीय खिलौने एवं खेल और कहानी वाचन सहित 12 विधाओं में प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक एवं निर्णायक मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय निपुण भारत मिशन शिक्षक प्रशिक्षण का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। ब्लॉक संसाधन केंद्र बाबागंज में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन (Foundational Literacy and Numeracy) प्रशिक्षण जो 1/9/2026 से प्रारंभ हुआ था जिसका आज 7/9/2026 को कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा ने की। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस के सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे शिक्षकों को संबोधित करते हुए पांचों दिवस में कराए गए प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं गतिविधियों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में शैक्षिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें। बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना निपुण भारत मिशन का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण में सीखी गई विधियों और गतिविधियों का प्रयोग कक्षा शिक्षण में करना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बच्चों के सीखने के स्तर के अनुसार शिक्षण पद्धतियों, गतिविधि आधारित शिक्षण तथा भाषा एवं गणित विषयों में बुनियादी दक्षताओं के विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एआरपी शैलेंद्र कुमार, विमल अग्निहोत्री, राकेश मौर्य, जितेंद्र पटेल एवं अब्दुल कादिर के साथ एलएलएफ के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संदीप सोनकर सहित प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# चार दिन से लापता 4 वर्षीय बच्ची खेत में घायल मिली, चेहरे और आंख पर चोट के निशान

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरायकाजी निवासी गुलशुम अंसारी की करीब चार वर्षीय बेटी आयशा 4 सितंबर को घर के पास से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों की सूचना के बाद पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी थी।सोमवार सुबह करीब 10 बजे आयशा शेरपुरवा गांव के पास खेत में घायल अवस्था में मिली। बच्ची के चेहरे और आंख पर चोट के निशान बताए जा रहे हैं। उसके होंठ पर भी चोट पाई गई। खेत में इस हालत में बच्ची के मिलने से गांव में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं।



पुलिस पिछले कई दिनों से बच्ची की तलाश और मामले की जांच कर रही थी। बच्ची के मिलने के बाद पुलिस अब घटना के कारणों और इसमें शामिल व्यक्ति की पहचान के लिए सभी पहलुओं से जांच कर रही है।थानाध्यक्ष फखरपुर राम कुमार राजभर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और दोषी पाए जाने पर उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# पीडीए जनसंवाद में निषाद समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा स्थित राहुल पार्टी पैलेस में 283 नानपारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निषाद समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संभावित प्रत्याशी एवं समाजवादी पार्टी के नेता गोविंद निषाद ने निषाद समाज से एकजुट रहने तथा पीडीए परिवार का हिस्सा बनकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोविंद निषाद ने कहा कि निषाद समाज को अपने अधिकारों और विकास के लिए संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर निषाद समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। बैठक में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव, विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सोनी, कृपाराम वर्मा, नगर अध्यक्ष शब्बीर अहमद, रईस अहमद सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अपने विचार रखे। विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सोनी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार अहंकार में चूर है और जनता के मुद्दों की अनदेखी कर रही है। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू लाल यादव ने अयोध्या धाम मंदिर चोरी प्रकरण का उल्लेख करते हुए प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव ने कार्यकताओं से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर जनता के बीच समाजवादी पार्टी की नीतियों और पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाएं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी को मजबूत करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हज यात्रियों की दो चरणों में होगी मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस जांच

**बीमारी को न छिपाने का हज यात्रियों को दिया गया सुझाव**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा हज-2027 के चयनित हज यात्रियों के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस के सम्बन्ध में जारी दिशा निदेर्शों के अनुसार चयनित हज यात्रियों को दो चरण में मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस कराना आवश्यक होगा। प्रथम चरण में हज यात्रियों के चयन उपरान्त व द्वितीय चरण में उड़ान से पूर्व कराना होगा। इसी क्रम में प्रथम चरण में चयनित हज यात्रियों को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारुप पर सरकारी चिकित्सा केन्द्रों में जाँचोपरोन्त एलोपेथिक पद्धति के चिकित्सक द्वारा प्रमाण पत्र जारी कराना होगा। इस सम्बन्ध में प्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को शासन स्तर से भी निर्देश निर्गत किये गये हैं। श्री खालिद ने बताया कि हज यात्रियों को मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र, अग्रिम जमा धनराशि की रसीद व अन्य प्रपत्र हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट हजकमेटी डाट जीओवी डाट इन पर 15 सितम्बर 2026 तक अपलोड किया जाना होगा। हज यात्रियों को सलाह दी गयी है कि प्रथम चरण का मेडिकल स्क्रीनिंग एवं फिटनेस प्रमाण पत्र वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद प्रमाण पत्र व जाँच रिपोर्ट अपने पास सुरक्षित रखें ताकि द्वितीय चरण की जाँच के समय इस रिपोर्ट को प्रस्तुत किया जा सके। श्री खालिद ने हज यात्रियों को सुझाव दिया गया है कि जाँच के दौरान किसी भी तरह की बीमारी को छुपाया न जाए। उन्होंने बताया कि जो हज यात्री जाँच में अनफिट पाये जाएंगे उनकी हज यात्रा निरस्त कर दी जाएगी व नियमानुसार उनकी धनराशि वापस की जाएगी। यदि किसी हज यात्री द्वारा जान-बूझकर जानकारी छुपायी गयी व जाँच में उन्हें अनफिट पाया गया तो उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी जिसमें जमा धनराशि भी जब्त की जा सकती है।

# डेढ़ महीने में वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ बारहवां तेंदुआ

**कतर्नियाघाट के रेंज मोतीपुर अंतर्गत गोकुलपुर में पकड़ा गया तेंदुआ**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। गोकुलपुर गांव में पिछले एक महीने से लगातार तेंदुए की चहल कदमी हो रही थी कई मवेशियों को तेंदुए द्वारा निवाला भी बनाया जा चुका था जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल था।परेशान ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुआ पकड़ने की मांग की थी। वन विभाग ने पिंजरा लगाया और तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग ने जहां तेंदुआ पकड़े जाने के बाद राहत की सांस ली है वहीं ग्रामीणों का कहना है कि एक तेंदुआ पकड़ा गया है लेकिन अभी भी एक तेंदुआ क्षेत्र में टहल रहा है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज मोतीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदनपुर के मजरा गोकुलपुर में सोमवार सुबह 4:30 बजे के आसपास वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक तेंदुआ कैद हो गया। वन विभाग की टीम पिंजरे सहित तेंदुए को रेंज कार्यालय ले आई। चिकित्सीय परीक्षण कराया गया जिसमें तेंदुआ पूरी तरह से स्वस्थ पाया गया। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ नर है और उसकी उम्र लगभग 7 वर्ष तथा वजन 60 किलोग्राम है। उन्होंने बताया चिकित्सकों के अनुसार तेंदुआ पूर्णता स्वस्थ है उच्च अधिकारियों के निर्देशन के बाद उसे प्राकृतिक वास में छोड़ा जाएगा ? इसके साथ ही दिया डीएफओ ने बताया कि जंगल के आसपास व तेंदुआ प्रभावित क्षेत्र के लोग सतर्क रहें, समूह में निकले ,सुबह शाम बच्चों का विशेष ध्यान रखें, बाहर न सोए। आपको बताते चलें कि डेढ़ महीने में वन विभाग के द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पिंजरे में 12 तेंदुआ कैद हो चुके हैं फिर भी दहशत बरकरार है।

# नए पुल के लिए आठ हरे पेड़ काटे गए

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर और शुक्लागंज के बीच प्रस्तावित नए पुल के निर्माण कार्य में अब तेजी आने की उम्मीद है। पुल के रास्ते में आ रही बाधाओं को हटाने के क्रम में सोमवार को मिश्रा कॉलोनी में आठ हरे पेड़ों की कटान कर उन्हें हटा दिया गया। इसके बाद निर्माण स्थल पर मशीनों की आवाजाही और पिलर निर्माण के लिए जगह तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के मुताबिक, अब इसी सप्ताह पुल के पिलरों के लिए पायलिंग का काम शुरू कराने की तैयारी है।सोमवार को निर्माण एजेंसी गावर कंस्ट्रक्शन के कर्मचारियों ने मिश्रा कॉलोनी में पुल की प्रस्तावित लाइन में आने वाले पहले से चिन्हित पेड़ों को हटाया। पेड़ों की कटान इंजीनियर देवेंद्र कुमार की देखरेख में कराई गई। हटाए गए आठ पेड़ों में चार पीपल, दो नीम, एक शीशम और एक अन्य प्रजाति का पेड़ शामिल बताया गया है। पेड़ों के हटने के बाद संबंधित हिस्से में निर्माण कार्य के लिए जगह साफ की जा रही है।



**मकानों के बाद अब पेड़ों की बाधा भी हुई दूर**

नए पुल के निर्माण की प्रस्तावित लाइन में आने वाले कई मकानों को पहले ही हटाया जा चुका है। मकानों को हटाने के बाद निर्माण कार्य की राह में पेड़ों की बाधा बनी हुई थी। सोमवार को आठ पेड़ों को हटाए जाने के बाद अब निर्माण एजेंसी के सामने इस हिस्से में काम शुरू करने की प्रमुख अड़चन दूर हो गई है।निर्माण स्थल को पिलर निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार जिन स्थानों पर जमीन खाली कराई जा चुकी है, वहां पिलर की नींव के लिए पायलिंग कराई जाएगी। इसके लिए निर्माण मशीनों और अन्य उपकरणों को मौके पर पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**वन विभाग से एनओसी लेने का दावा**

निर्माण एजेंसी के इंजीनियर देवेंद्र कुमार ने बताया कि पेड़ों को हटाने से पहले वन विभाग से आवश्यक एनओसी ली गई थी। उनके मुताबिक, नियमानुसार नए पौधे लगाए जाने के लिए निर्धारित धनराशि भी वन विभाग के पास जमा करा दी गई है। इसके बाद विभाग द्वारा निर्धारित स्थानों पर नए पौधे लगाए जाएंगे।इससे निर्माण कार्य के लिए पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया को नियमानुसार पूरा किए जाने की बात कही गई है। हालांकि, निर्माण क्षेत्र में पेड़ों की कटान के बाद उनके स्थान पर होने वाले पौधरोपण और उसकी निगरानी भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुल निर्माण में पायलिंग का काम महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। पिलर की नींव के लिए जमीन में निर्धारित गहराई तक पाइल तैयार किए जाते हैं, जिसके बाद पिलर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। मिश्रा कॉलोनी में जमीन खाली होने और पेड़ों को हटाए जाने के बाद अब इस हिस्से में पायलिंग शुरू कराने की तैयारी है।निर्माण एजेंसी के अधिकारियों का कहना है कि इसी सप्ताह पायलिंग का काम शुरू किया जा सकता है। यदि कार्य निर्धारित गति से आगे बढ़ा तो आने वाले दिनों में पुल के पिलरों का निर्माण भी दिखाई देने लगेगा। कानपुर और शुक्लागंज के बीच आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से प्रस्तावित नया पुल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है। मौजूदा मार्ग पर यातायात का दबाव रहने के कारण नए पुल के निर्माण से दोनों क्षेत्रों के बीच आवागमन को राहत मिलने की उम्मीद है।मिश्रा कॉलोनी में निर्माण की राह में आ रहे मकानों को हटाने और अब पेड़ों की बाधा दूर होने के बाद परियोजना के काम को गति मिलने की संभावना है। फिलहाल निर्माण एजेंसी का जोर निर्माण स्थल तैयार करने और पिलर की पायलिंग शुरू कराने पर है। पायलिंग शुरू होने के बाद परियोजना के जमीनी स्तर पर निर्माण की गति स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगेगी।

# गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर तैयारियां शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गणेश चतुर्थी को लेकर शुक्लागंज में तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व में अब महज सात दिन शेष हैं। ऐसे में नगर के अलग-अलग इलाकों में पंडाल सजाने की तैयारी शुरू हो गई है, वहीं बाबा कुटी गांव के पास भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम दिन-रात चल रहा है। बंगाल से आए मूर्तिकार और उनके साथी करीब तीन महीने से प्रतिमाएं तैयार करने में जुटे हैं। प्रतिमाओं पर रंग-रोगन और सजावट का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। इस बार पारंपरिक स्वरूप के साथ गणेश प्रतिमाओं के कई नए आकर्षक रूप भी तैयार किए गए हैं। इनमें नागराज, चंद्रमा और कमल पर विराजमान गणपति की प्रतिमाओं की सबसे ज्यादा मांग बताई जा रही है।

### नागराज पर विराजमान गणेश की सबसे ज्यादा डिमांड

बाबा कुटी के पास मूर्तियां तैयार कर रहे बंगाल के मूर्तिकार समीर पॉल के अनुसार इस बार गणेश प्रतिमाओं में श्रद्धालुओं की पसंद में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। लोग सामान्य स्वरूप के साथ कुछ अलग और आकर्षक प्रतिमाएं भी पसंद कर रहे हैं। इसी को देखते हुए मूर्तिकारों ने नागराज पर बैठे गणेश, चंद्रमा पर विराजमान गजानन, कमल पर सवार गणपति और मूषक के साथ विभिन्न मुद्राओं में प्रतिमाएं तैयार की हैं।मूर्तिकारों के मुताबिक नागराज, कमल और चंद्रमा वाले स्वरूपों की बुकिंग सबसे अधिक हो रही है। कई प्रतिमाओं की पहले ही बुकिंग हो चुकी है और श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार प्रतिमाओं को देखने के बाद उन्हें बुक करा रहे हैं।

### तीन महीने पहले शुरू कर दिया था काम

गणेश चतुर्थी के लिए प्रतिमाएं तैयार करने का काम करीब तीन महीने पहले शुरू किया गया था। समीर पॉल के साथ आठ से दस कारीगर लगातार प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे हैं। पहले मिट्टी से प्रतिमाओं का ढांचा तैयार किया गया।इसके बाद उनकी बारीक कारीगरी, सजावट और रंग-रोगन का काम किया गया।



अब पर्व नजदीक आने के कारण कारीगरों ने काम की रफ्तार बढ़ा दी है। दिन-रात मेहनत कर प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रतिमाओं की आंखों, मुकुट, आभूषण और अन्य सजावटी हिस्सों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। तैयार प्रतिमाओं को सुरक्षित रखने और समय से श्रद्धालुओं तक पहुंचाने की भी व्यवस्था की जा रही है।

### 3500 से 30 हजार रुपये तक कीमत

मूर्तिकारों ने इस बार अलग-अलग आकार और डिजाइन की गणेश प्रतिमाएं तैयार की हैं। इनकी कीमत करीब 3500 रुपये से शुरू होकर 30 हजार रुपये तक है। प्रतिमा का आकार, डिजाइन, सजावट और स्वरूप के आधार पर कीमत तय की जा रही है। शुक्लागंज के अलावा उन्नाव, कानपुर, कन्नौज और आसपास के अन्य जिलों से भी लोग प्रतिमाओं की बुकिंग कराने पहुंच रहे हैं। बड़ी प्रतिमाओं के लिए पहले से ऑर्डर दिए गए हैं। पर्व नजदीक आने के साथ प्रतिमाओं की मांग और बढ़ने की उम्मीद मूर्तिकार जता रहे हैं।

### 12 इलाकों में सजेंगे गणेश पंडाल

शुक्लागंज में गणेश चतुर्थी को लेकर करीब 12 इलाकों में पंडाल लगाए जा रहे हैं। राजधानी मार्ग, पोनी रोड, ब्रह्मनगर, गांधीनगर, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, नेहरूनगर, अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातृ फार्म, मझरा और कटरी क्षेत्र में आयोजन की तैयारियां चल रही हैं।

नगर में करीब आधा दर्जन बड़े गणेश पंडालों का निर्माण कई दिनों से चल रहा है। पंडालों को आकर्षक रूप देने के लिए सजावट, लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन समितियों के सदस्य तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।


### युवाओं में दिख रहा खास उत्साह

गणेश चतुर्थी के आयोजन को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में देखने को मिल रहा है। पंडाल निर्माण से लेकर सजावट और अन्य व्यवस्थाओं में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पर्व के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों और पूजा-अर्चना की तैयारियां भी की जा रही हैं। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर विधि-विधान से प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

पर्व को लेकर नगर में अभी से धार्मिक माहौल बनने लगा है। प्रतिमाओं की बढ़ती मांग और पंडालों की तैयारियों से बाजार में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। आयोजन समितियां पर्व को भव्य और व्यवस्थित तरीके से मनाने की तैयारियों में जुटी हैं।

# डायल 112 पुलिस टीम पर दबंगों ने किया हमला

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम पिडना में मारपीट की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने पुलिसकर्मियों को दौड़ा लिया और सरकारी वाहन पर पथराव किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अचानक हुए हमले से पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया और वे किसी तरह जान बचाकर मौके से निकल सके। पीडित शिवम और ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम पिड़ना निवासी शिवम कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार सुबह गांव के ही कुछ लोग उसकी टीन पर ईंटें फेंकने लगे। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की गई। घटना की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने ग्राम प्रधान कप्तान सिंह के घर के सामने दोनों पक्षों को बुलाकर घटना के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया। तभी विपक्षीगण पुलिस से भी भिड़ गए और सरकारी वाहन पर हमला कर दिया। दबंग के इस हमले से पुलिस टीम में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन पीआरवी पुलिस कर्मी वहां से निकल भागे शिवम ने विपक्षियों पर ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। वही ग्राम प्रधान कप्तान सिंह ने भी पुलिस को तहरीर देकर विपक्षियों पर चार दिन के भीतर सिर काट लेने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### तेहरवीं बरसी पर हवन-यज्ञ कर दंगा पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर। सात सितंबर 2013 को जौली गंगनहर पटरी पर नंगला मंदौड़ महापंचायत से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से लौटते समय हुए सांप्रदायिक दंगे में मारे गए लोगों की तेहरवीं बरसी पर सोमवार को श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित की गईं। हवन-यज्ञ के बाद दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने मृतकों के घर पहुंचकर भी परिजनों को सांत्वना दी और श्रद्धांजलि दी। कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला नेहरू चौक में स्वर्गीय सोहनवीर सिंह के आवास पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में आहुतियां देने के बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय सोहनवीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे जिला पंचायत प्रशासक डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि उच्च संस्कारों से ही समाज का विकास होता है। स्वर्गीय सोहनवीर सिंह ने समाज को जो संस्कार दिए, वे हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। युवा भाजपा नेता अमित राठी ने कहा कि स्वर्गीय सोहनवीर सिंह का जीवन आदर्श रहा है और उनका व्यक्तित्व सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। हवन-यज्ञ पंडित रमेंद्र शर्मा उर्फ काका जी और अंशुल शर्मा ने संपन्न कराया। इस अवसर पर राजवीर सिंह अमीन, बिजेंद्र लंबरदार, जोगिंदर कुमार, योगेश कुमार, जोगिंद्र सिंह वर्मा, हरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, निर्मला देवी, अर्चना, रजनी वर्मा, आशीष कुमार, शुभम कुमार, कविराज वर्मा, संगीता देवी, जयवीर सिंह और डॉ. राजेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चीनी महंगी, बिजली का बढ़ा भार... किसानों पर दोहरी मार, 17 को गरजेगी भाकियू की महापंचायत

मुजफ्फरनगर। भोपा क्षेत्र के गांव सीकरी में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की पंचायत में किसानों की समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर जोरदार मंथन हुआ। पंचायत में बढ़ती लागत, बिजली के बढ़े भार और फसलों के उचित मूल्य का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। भाकियू नेताओं ने सरकार से किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने की मांग की। पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू पश्चिमी उत्तर प्रदेश के महासचिव योगेश शर्मा ने कहा कि चीनी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि विद्युत भार बढ़ाकर किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही महंगी खेती और कम आमदनी की मार झेल रहा है, ऐसे में उस पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में भाकियू की महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते का विरोध, गन्ने का लाभकारी मूल्य बढ़ाने, शामली-गोरखपुर हाईवे के लिए सर्किल रेट बढ़ाने सहित किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे जोर-शोर से उठाए जाएंगे। योगेश शर्मा ने कहा कि किसानों की जमीन और फसल से जुड़े मामलों में उन्हें उचित मुआवजा और फसल का लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए। सरकार को किसानों की समस्याओं को टालने के बजाय उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। पंचायत को प्रदेश सचिव मिंटू राठी और जिला उपाध्यक्ष बिट्टू प्रधान ने भी संबोधित किया।

# नगर विहार में निकले श्री बांके बिहारी का जगह-जगह हुआ पूजन

## भव्य रथ यात्रा के साथ निकल गई शोभायात्रा जनप्रतिनिधियों ने खींचा रथ

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत डिघरुआ गांव में स्थापित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर प्रांगण से तीन दिवसीय महा महोत्सव का शुभारंभ हुआ प्रातः काल भगवान श्री बांके बिहारी के कपाट खोले गए जहां हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु भक्तगणों ने पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया मंदिर में विराजमान भगवान श्री बांके बिहारी की शोभायात्रा बाजे गाजे ढोल नगाड़े डीजे के साथ निकाली गई जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी इलाहाबाद झांसी मंडल पूर्व शिक्षक विधायक एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि लवकुश कुमार मिश्र ब्लॉक प्रमुख अमौली सुशीला सिंह समेत अन्य सभी जनप्रतिनिधियों ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना करते हुए भगवान श्री बांके बिहारी का रथ खींचकर भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया शोभायात्रा तीन दिवसों तक निरंतर नगर भ्रमण करेगी जहां प्रथम दिवस निकली भव्य शोभायात्रा में निज निवास पहुंचे श्री बांके बिहारी जी का हर्षित पाण्डेय निधी पाण्डेय समेत सभी नागरिकों ने अपने-अपने द्वार पर भव्य पूजन किया भव्य शोभा यात्रा में जगह-जगह भगवान श्री बांके बिहारी की जयकारे गुंजायमान हुए वहीं पुष्प वर्षा के साथ सभी ग्रामीणों ने राजाधिराज श्री बांके बिहारी जी को नमन किया ग्रामीण शिक्षक सर्वेश कुमार अवस्थी मुन्ना पुजारी सेवानिवृत शिक्षक अवध बिहारी अवस्थी अनूप शुक्ला एडवोकेट पवन अवस्थी आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की तरह यह महोत्सव तीन दिवसों तक निरंतर अनवरत चलता रहेगा जहां प्रांगण अंतर्गत लगे विशाल मेले में श्रद्धालु भक्तगण पूजा अर्चना के बाद अपनी घरेलू उपयोगी वस्तुएं तथा अन्य सामग्री की खरीदारी भी करेंगे आए हुए सभी भक्तगणों का मंदिर प्रांगण समिति ने सादर आभार व्यक्त किया इस मौके पर भारी संख्या में क्षेत्रीय एवं जनपद के भक्तगणों का जन सैलाब मौजूद रहा

# टीजीटी-पीजीटी अभ्यर्थियों के समर्थन में उतरी सपा

## एमएलसी मानसिंह यादव बोले- सरकार नहीं मानी तो ईंट से ईंट बजा देंगे

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,आमरण अनशन पर बैठे टीजीटी पीजीटी अभ्यर्थियों से सोमवार को सपा एमएलसी मानसिंह यादव मिलने पहुंचे। शिक्षक भर्ती की पुरानी नियमावली बहाली की मांग को लेकर चल रहे अनशन को समर्थन दिया। इस दौरान धरना स्थल पर उन्होंने कहा कि यदि सरकार हठधर्मिता नहीं छोड़ती तो सपा छात्रों के साथ मिलकर ईंट से ईंट बजा देगी।

### धरना स्थल पर क्या कहा मानसिंह यादव ने

एमएलसी मानसिंह यादव ने कहा कि गरीब किसान और मजदूर परिवारों के बच्चे ब्याज पर कर्ज लेकर प्रयागराज में तैयारी करने आते हैं, लेकिन सरकार ने अचानक टीजीटी-पीजीटी के नियम बदलकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया है। उनका कहना था कि अगर नया नियम लागू करना ही था तो कम से कम दो से तीन साल का संक्रमणकाल दिया जाना चाहिए था, ताकि अभ्यर्थी खुद को नई पात्रता मानदंडों के अनुसार तैयार कर पाते। उन्होंने बेसिक शिक्षा में स्कूलों के मर्जर यानी कंपोजिट व्यवस्था पर भी तंज कसा और आरोप लगाया कि जूनियर और प्राइमरी स्कूलों को एक करने से हेडमास्टर के पद खत्म किए जा रहे हैं। जिससे करीब एक लाख प्राथमिक विद्यालय प्रभावित हुए हैं और रोजगार के अवसर घटे हैं। मानसिंह यादव ने कहा कि एक तरफ विश्वगुरु बनने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ वास्तविक गुरुओं (शिक्षकों) को अपनी जायज मांगों के लिए अनशन पर बैठना पड़ रहा है। समाजवादी पार्टी इन अभ्यर्थियों को अकेला नहीं छोड़ेगी और सड़क से सदन तक कंधे से कंधा मिलाकर उनकी लड़ाई लड़ेगी।

# गांव के बाहर बगीचे में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर , जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रामपुर में एक अधेड़ ग्रामीण 50 वर्षीय नीलू सिंह कछवाह पुत्र गणपत सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण ने गांव के बाहर एक बाग में खड़े चिल्वर के पेड़ में गमछे से फांसी लगाई जहां कल सुबह भोर पहर बगीचे के पास गांव के इष्ट देवी देवताओं का मंदिर स्थापित है वहां एक व्यक्ति पहुंचा जहां बीच रास्ते में पेड़ में लटका हुआ अधेड़ का शव देखा ग्रामीण ने शोर मचाया जहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई वहीं मृतक के परिजनों को सूचना दी गई सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तथा पुलिस प्रशासन को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक ने पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या की है जो अविवाहित था पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात विधिवत कारण ज्ञात होगा

# कंडेरा के लाल प्रो. केपी सिंह बने गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति

## ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा के शिखर तक पहुंची प्रतिभा,बागपत में खुशी की लहर।

अमन लेखनी समाचार



बागपत। जनपद बागपत के ग्राम कंडेरा निवासी प्रो. कृष्ण पाल सिंह (प्रो. केपी सिंह) को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर का कुलपति नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की ओर से जारी आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष का होगा। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही बागपत और कंडेरा गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा, शोध और विश्वविद्यालय प्रशासन के सर्वोच्च पद तक पहुंचने वाले प्रो. केपी सिंह की उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। उनकी सफलता ने यह संदेश भी दिया है कि प्रतिभा और मेहनत के बल पर गांव की मिट्टी से निकलकर देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के शीर्ष पद तक पहुंचा जा सकता है।प्रो. केपी सिंह को उच्च शिक्षा, शोध, कृषि विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और विश्वविद्यालय प्रशासन का व्यापक अनुभव है। वह महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार तथा महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल में कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।इसके अलावा उन्होंने उत्तराखंड काउंसिल फॉर बायोटेक्नोलॉजी, देहरादून में निदेशक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में बायोफिजिक्स के प्रोफेसर के रूप में भी उन्होंने शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।प्रो. केपी सिंह की नियुक्ति पर छपरौली विधायक डॉ. अजय कुमार, रालोद के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल, बरेली के पूर्व महापौर डॉ. आईएस तोमर, उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. साहब सिंह, रालोद क्षेत्रीय महासचिव डॉ. अनिल आर्य, रमाला सहकारी चीनी मिल के उपसभापति जयदेव सिंह आर्य समेत शिक्षा जगत से जुड़े लोगों, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बकेवर में हुआ प्रसव प्रसूता की हुई मौत



### अत्यधिक रक्त स्राव होने के कारण चिकित्सकों ने निजी अस्पताल के लिए कर दिया रिफर

अमन लेखनी समाचार/रवी श्रीवास्तव

जहानाबाद। जनपद के जहानाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुए प्रसव के पश्चात अधिक रक्त स्राव होने के कारण प्रसूता की जान चली गई मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय महिला राधा देवी पत्नी योगेंद्र निवासी गांव दुबेपुर थाना बकेवर को प्रसव होना था जहां परिजन प्रसव पीड़ा होने पर महिला को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बकेवर ले गए अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने प्रसव कराया जहां प्रसव के पश्चात अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया ज्यादा हालत बिगड़ने पर अस्पताल में मौजूद महिला चिकित्सक ने प्रसूता को नजदीकी कस्बा जहानाबाद के एक निजी चिकित्सालय के लिए रेफर किया हालत गंभीर देख परिजन महिला को लेकर जहानाबाद पहुंचे जहां अस्पताल में हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जवाब दे दिया तथा दूसरे अस्पताल दिखाने की सलाह दी जैसे ही परिवार के लोग महिला को लेकर दूसरे अस्पताल के लिए जा रहे थे वहीं बीच रास्ते में ही महिला की सांसें थम गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया

# जहां लोग रील बनाते थे, वहां पसरा सन्नाटा

## नगर निगम ने लगाए चेतावनी के पोस्टर; पिलर में दिखीं दरारें, छज्जा गिरने से 2 वकील की हुई थी मौत

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर, राप्ती नदी किनारे बने घाटों पर रविवार सुबह हुए हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया। जिस जगह सुबह-शाम सैकड़ों लोग घूमने, रील बनाने और योग करने पहुंचते हैं, वहीं गुंबदनुमा ढांचा गिरने से दो वकीलों की मौत हो गई। हादसे के बाद घाटों पर बने चबूतरों और दूसरे निमार्णों की मजबूती को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि अगर इन जगहों पर खतरा था तो पहले से सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए?

### हादसे के बाद जगह-जगह लगाए चेतावनी पोस्टर

घटना के बाद नगर निगम ने घाट के आसपास कई जगह चेतावनी वाले पोस्टर और बैनर लगाए हैं। इनमें लोगों से बारिश और बाढ़ की आशंका को देखते हुए गेट और चबूतरों से दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। पोस्टर में लोगों को दुर्घटना की आशंका के बारे में भी चेतावनी दी गई है। हालांकि, घाट पर आने वाले लोगों का कहना है कि हादसे के बाद चेतावनी पोस्टर लगाने से ही सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती।

### चबूतरे पर बैठे थे दो वकील, अचानक गिरा गुंबदनुमा ढांचा

रविवार सुबह करीब 11:30 बजे दो वकील राप्ती नदी किनारे बने घाट पर बैठने के लिए बनाए गए चबूतरे पर गए थे। इसी दौरान चबूतरे के ऊपर बना गुंबदनुमा ढांचा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में दोनों वकील गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। लोगों ने मलबे से दोनों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### पहले आलोक अस्थाना, फिर संजय सिंह की मौत

हादसे में घायल दोनों वकीलों की हालत गंभीर थी। घटना के करीब 30 मिनट बाद आलोक अस्थाना ने दम तोड़ दिया। वहीं, दूसरे घायल वकील संजय सिंह को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई एक ही हादसे में दो अधिवक्ताओं की मौत के बाद उनके परिवारों में दुख का माहौल है। वहीं, घटना को लेकर शहर के लोगों में भी नाराजगी है।

# शराब खत्म होने पर थप्पड़ मारने से भड़का युवक, डंडे से सिर पर वार कर गला दबाकर की हत्या

## सरधना पुलिस ने हत्याकांड का किया सफल अनावरण, मुख्य आरोपी गिरफ्तार; फावड़ा और डंडा बरामद

अमन लेखनी समाचार




सरधना (मेरठ)। थाना सरधना पुलिस ने अटेरना गांव में हुई पपिन्द्र (40) की हत्या का सफल अनावरण करते हुए मुख्य आरोपी अनीश पुत्र जीवन निवासी अटेरना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक फावड़ा और एक डंडा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 4 सितंबर 2026 को बिट्टू पुत्र स्व. हरपूल निवासी ग्राम अटेरना ने थाना सरधना में तहरीर देकर अपने भाई पपिन्द्र की हत्या कर शव को मंदिर के पास बनी पाड़ी की कूडी में छिपाने का आरोप लगाया था। इससे पहले 3 सितंबर को पपिन्द्र के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। शव मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 625/2026 के तहत धारा 103(1)/238 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया।

### शराब खत्म होने पर हुआ विवाद

पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी अनीश ने बताया कि 2 सितंबर की रात वह और पपिन्द्र साथ बैठकर शराब पी रहे थे। शराब खत्म होने के बाद अनीश ने पपिन्द्र से और शराब लाने को कहा, लेकिन पपिन्द्र ने मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और पपिन्द्र ने अनीश को थप्पड़ मार दिया।पुलिस के मुताबिक, थप्पड़ से गुस्साए अनीश ने डंडा लाकर पपिन्द्र के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद आरोपी ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी फावड़ा लेकर शव को मंदिर के पास ले गया और गड्ढा खोदकर शव को उसमें दबा दिया। ऊपर से पराली डालकर शव को छिपा दिया।थाना सरधना पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए दो टीमें गठित की थीं। पुलिस टीम ने 6 सितंबर 2026 को नामित आरोपी अनीश को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा व फावड़ा बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक प्रदीप गौतम, जितेन्द्र कुमार, विजय चौहान, शिवा उपाध्याय, नितिन सारस्वत, तेजवीर सिंह तथा हेड कांस्टेबल अभिषेक कुमार, हेड कांस्टेबल विजय मावी और कांस्टेबल नाजिम खान शामिल रहे।

# बिजली कनेक्शन काटने पर किसानों की पंचायत

## बोले- लिखित आश्वासन मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन, सपा-कांग्रेस का मिला समर्थन

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन काटे जाने के विरोध में भारतीय किसान परिषद ने सोमवार को पुश्ता रोड पर पंचायत की। इसमें चोटपुर, छिजारसी, बहलोलपुर समेत आसपास के गांवों और कॉलोनियों के लोग शामिल हुए। सपा और कांग्रेस के कार्यकताओं ने भी पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। पंचायत में किसान संगठन ने साफ किया कि प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन मिलने तक आंदोलन खत्म नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि सिर्फ मौखिक भरोसे पर लोग पीछे नहीं हटेंगे। पंचायत में मौजूद लोगों ने भी सहमति जताई कि लिखित आश्वासन के बाद ही आगे की रणनीति तय होगी।

### पांच हजार से ज्यादा कनेक्शन काटे गए थे

दरअसल, छिजारसी, चोटपुर और आसपास के डूब क्षेत्र में बिजली निगम ने अभियान चलाकर तीन दिन में पांच हजार से ज्यादा बिजली कनेक्शन काट दिए थे। कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में परिवारों के सामने बिजली का संकट खड़ा हो गया था। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन और कैंडल मार्च भी निकाला था। बताया गया है कि डूब क्षेत्र में करीब 13 हजार अवैध कनेक्शन पाए गए हैं। जांच में बिजली चोरी से हर महीने करीब 6.50 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का भी दावा किया गया है।

### अस्थाई कनेक्शन देने की तैयारी

वहीं, मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से संज्ञान लिए जाने के बाद डूब क्षेत्र में अस्थाई बिजली कनेक्शन देने की तैयारी की जा रही है। करीब 40 से ज्यादा कॉलोनियों में रहने वाले हजारों परिवारों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है। अगले कुछ दिनों में अस्थाई कनेक्शन की व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। हालांकि किसान संगठन का कहना है कि जब तक बिजली कनेक्शन को लेकर लिखित आश्वासन नहीं मिलता, पंचायत और विरोध का सिलसिला जारी रहेगा।

# बाइक चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## 20 लाख की 14 गाड़ियां बरामद, जंगल में छिपाकर रखते थे

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 12 मोटरसाइकिल और 2 स्कूटी समेत 14 चोरी के वाहन बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए है। आरोपी दिल्ली-एनसीआर और आसपास के जिलों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस टीम चेकिंग के दौरान गुलिस्तापुर अंडरपास से एलजी कंपनी की ओर जाने वाले रास्ते पर आरोपियों तक पहुंची। बिना नंबर प्लेट की दो मोटरसाइकिलों पर चार लोग सवार थे। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने चारों को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखे गए बाकी चोरी के वाहन बरामद किए गए।

### बिना नंबर प्लेट की बाइक देखकर हुआ शक

सूरजपुर थाना पुलिस की टीम गुलिस्तापुर अंडरपास से एलजी कंपनी की तरफ जाने वाले रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पुलिस को आती दिखाई दीं।

# EMRS पिपरखंड के छह विद्यार्थियों को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान भ्रमण का गौरवपूर्ण अवसर

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पिपरखंड के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि विद्यालय के छह विद्यार्थियों आदित्य, अजीत, पी.के.आर.सी. बाबू, संगीता, नेहा एवं राधा को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली स्थित अमृत उद्यान के भ्रमण का विशेष अवसर प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों का यह विशेष शैक्षणिक भ्रमण 8 सितंबर 2026 को निर्धारित है इस शैक्षणिक एवं गौरवपूर्ण भ्रमण के लिए विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती कल्याणी एस्कॉर्ट के रूप में रहेंगी। राष्ट्रपति भवन एवं अमृत उद्यान का भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल आनंददायक, बल्कि ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी अनुभव भी होगा। इस अवसर के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की महत्वपूर्ण राष्ट्रीय धरोहर, राष्ट्रपति भवन की गरिमा तथा अमृत उद्यान की प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक विशेषताओं को निकट से जानने का अवसर मिलेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिया आनंद ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे अवसर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह अवसर उनके जीवन की एक स्मरणीय एवं प्रेरणादायी यात्रा सिद्ध होगा। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को अनुशासन, जिम्मेदारी एवं विद्यालय की गरिमा को बनाए रखते हुए इस यात्रा का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। एटफर पिपरखंड विद्यालय परिवार सभी चयनित विद्यार्थियों एवं एस्कॉर्ट शिक्षिका को इस गौरवपूर्ण अवसर के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

# महिला थाना रॉबट्र्सगंज के परिवार परामर्श केंद्र पर 4 प्रकरणों की हुई सुनवाई 03 मामलों में आपसी सहमति से सुलह



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई महिला थाना प्रभारी रॉबट्र्सगंज की अध्यक्षता में की गई। कुल 04 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें दोनों पक्षों को उपस्थित कराकर काउंसलिंग एवं आपसी संवाद की प्रक्रिया अपनाई गई। सुनवाई एवं विस्तृत परामर्श के उपरांत प्राप्त 03 प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति स्थापित कर सुलह-समझौता कराया गया, जिससे संबंधित परिवारों में पुनः सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ। इसके अतिरिक्त 01 प्रकरणों में आवश्यक काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों को अग्रिम तिथि प्रदान की गई। महिला थाना रॉबट्र्सगंज द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

# अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद का 52वां शहादत दिवस मनाया गया

अमन लेखनी समाचार




ओबरा सोनभद्र। देश भर में भारत के महान समाजवादी नेता और गरीबों, शोषितों के मसीहा अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद का 52वां शहादत दिवस कुशवाहा समाज भवन ओबरा में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम समाज के संरक्षक देव प्रकाश मौर्या, सुरेश कुमार मौर्या और गया नाथ कुशवाहा के साथ अध्यक्ष डॉ अमित सिंह कुशवाहा, सचिव अनिल कुमार सिंह के साथ सभी पदाधिकारियों ने मिलकर बाबू जगदेव प्रसाद के फोटो पर माल्यार्पण कर नमन अर्पित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अमित सिंह कुशवाहा ने बताया कि बाबू जगदेव प्रसाद का जन्म 2 फरवरी 1922 को जहानाबाद में हुआ था। उन्हें भारत का लेनिन' कहा जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलित, पिछड़े और वंचित समाज के हक की लड़ाई में लगा दिया। उनका दिया गया नारा ₹सौ में नब्बे शोषित है, नब्बे भाग हमारा है। दस का शासन नब्बे पर, नहीं चलेगा, नहीं चलेगा₹ आज भी लोगों की जुबान पर है। जगदेव बाबू ने एकजूट होकर उस समय अनेको नियमों को बदलाव किया किया और रोका था। आज हमे उनके पद चिह्नो पर चलकर एकजुट होकर रहना चाहिए। जिससे कि हमे कोई नीचे न गिरा सके।कार्यक्रम का संचालन कुशवाहा समाज के सचिव अनिल कुमार सिंह ने किया। मंटू कुमार ने अमर शहीद जगदेव प्रसाद की जीवनी का उल्लेख करते हुए बताया कि 5 सितंबर 1974 को अरवल जिले के कुर्था प्रखंड मुख्यालय पर शोषित समाज दल के बैनर तले हजारों लोगों के साथ वे आंदोलन कर रहे थे। तभी पुलिस ने उन पर गोली चला दी, जिससे वे शहीद हो गए। उस समय उनके साथ छात्र लक्ष्मण चौधरी भी शहीद हुए थे। राजेश कुमार सिंह ने उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। रमिता मौर्या और मनोरमा मौर्या ने बाबू जगदेव प्रसाद पर शहादत गीत प्रस्तुत किया। योगिता सिंह ने बाबू जगदेव प्रसाद के बलिदान के बारे में बताकर बच्चों को उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और सभी प्रतिभागियों को समाज के संरक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राम गहन सिंह, सूर्य नाथ सिंह, नंदू सिंह, पुष्पा सिंह, डॉ बीके कुशवाहा, विश्राम मौर्य, अमरजीत मौर्या, राम देव मौर्य, निर्मल सिंह, बी के कुशवाहा, कुसुम सिंह, गौतम कुमार सिंह, सुनील कुशवाहा, गणेश सोनी, रेखा सिंह, राधिका देवी व अन्य स्वजाति लोग उपस्थित रहे।

## खास समाचार

# चक्का जाम से करीब पांच घंटे परेशान रहे राहगीर, प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध अपराध दर्ज

अमन लेखनी समाचार



सिंगरौली । ग्राम खुटार करहिया चौराहा में शव रखकर किए गए चक्का जाम के कारण आम राहगीरों एवं वाहन चालकों को करीब पांच घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य सड़क एवं चौराहे पर मार्ग अवरुद्ध होने से चारों ओर से आने-जाने वाले लोगों का आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार चक्का जाम के दौरान सड़क पर ईंट-पत्थर एवं लकड़ी रखकर मार्ग अवरुद्ध किया गया तथा राहगीरों और वाहनों को आगे जाने से रोका गया। इसके चलते लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके और आवागमन बाधित होने से आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को कई बार समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रदर्शन जारी रहा और आवागमन बाधित होता रहा।

# अवैध रेत परिवहन करते बिना नंबर का हाइवा वाहन जब्त

अमन लेखनी समाचार

सिंगरौली। कलेक्टर गौरव बैनल के निदेर्शानुसार जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम भकुआर में कार्रवाई की। संयुक्त जांच के दौरान ग्राम भकुआर में एक बिना नंबर के हाइवा वाहन को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। जांच में वाहन का चेचिस नंबर टअळ77012ठ3ऊ13538 पाया गया। मौके पर हाइवा वाहन फंसा हुआ था, जिसे निकलवाने के बाद वाहन को जप्त कर लिया गया। जप्त हाइवा वाहन को सुरक्षार्थ पुलिस थाना नवानगर में खड़ा कराया गया है। प्रकरण में खनिज नियमों के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कम लागत में अधिक मुनाफा: मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण 9 सितम्बर से

अमन लेखनी समाचार

सिंगरौली । ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं कृषकों को कृषि आधारित स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, देवरा द्वारा पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 9 सितम्बर को सुबह 11 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र के श्रृंगेरी सभाकक्ष में शुरू होगा। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीक, कृषि अवशेषों के उपयोग तथा उत्पादन से आय अर्जित करने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। मशरूम उत्पादन कम लागत में शुरू किया जा सकने वाला कृषि आधारित स्वरोजगार है, जिसे ग्रामीण युवा एवं महिलाएं सीमित संसाधनों में भी अपना सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 25 सीटें निर्धारित की गई हैं। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक युवक-युवतियां, भूमिहीन, लघु एवं सीमांत कृषक तथा महिलाएं आधार कार्ड की छायाप्रति, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कार्य दिवसों में कृषि विज्ञान केन्द्र, देवरा में पंजीयन करा सकते हैं।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर
112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पुलिसिया प्रताड़ना से परेशान पत्रकार सपरिवार करेगा आत्मदाह, पत्रकारों मे रोष

अमन लेखनी समाचार



ठूठीबारी (महराजगंज): पुलिसिया उत्पीड़न और झूठे मुकदमों की धमकियों से तंग आकर ठूठीबारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार दिनेश रौनियार ने जिला प्रशासन और पुलिस महकमे के खिलाफ निर्णायक मोर्चा खोल दिया है। पूर्व में मिले प्रशासनिक आश्वासन के पूरा न होने पर उन्होंने 7 सितंबर की शाम तक आरोपियों पर कार्रवाई न होने की स्थिति में ठूठीबारी थाना गेट पर आत्मदाह करने की अंतिम चेतावनी (अल्टीमेटम) दी है।

### आइये जानते हैं क्या है पूरा मामला

ग्राम ठूठीबारी निवासी पीड़ित दिनेश रौनियार (पुत्र रामछबीला) के अनुसार, बीते 2 सितंबर 2026 की दोपहर ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी अमित कुमार सिंह के शह पर दरोगा अनूप तिवारी और चार सिपाहियों ने उनके घर में जबरन घुसकर बदसलूकी व गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मियों ने उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी। पुलिस की इस दबंगई और मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ 4 सितंबर की सुबह 11 बजे दिनेश रौनियार ठूठीबारी दुर्गा मंदिर के समीप अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए थे। हालांकि, क्षेत्राधिकारी निचलौल रवींद्र कुमार सिंह द्वारा आरोपी थानेदार अमित कुमार सिंह, दरोगा अनूप तिवारी और चारों कांस्टेबलों पर सख्त विधिक कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद उन्होंने अनशन स्थगित कर दिया था।

### 24 घंटे में कार्रवाई नहीं तो आत्मदाह

प्रशासनिक आश्वासन के बाद भी जब आरोपी पुलिसकर्मियों पर कोई कदम नहीं उठाया गया, तो 6 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे दिनेश रौनियार ने क्षेत्राधिकारी को लिखित रूप से चेतावनी पत्र सौंपा। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि सोमवार (7 सितंबर 2026) की शाम तक आरोपी पुलिसकर्मियों पर कठोर विधिक व अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो वह ठूठीबारी थाना परिसर के मुख्य द्वार पर आत्मदाह करने के लिए विवश होंगे।

### जिला प्रशासन की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने महराजगंज के जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में अपराध और पुलिसिया भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' की बात कही जाती है, वहीं दूसरी तरफ स्थानीय प्रशासन लिखित आश्वासन देकर भी आरोपी पुलिसकर्मियों का बचाव करता नजर आ रहा है।

# एसी की कॉपर पाइप चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**कृषि उपज मंडी के सामने 35-40 दुकानों को बनाया था निशाना, छह विधि विरुद्ध किशोरों में चार दस्तयाब**

अमन लेखनी समाचार

सिंगरौली। कृषि उपज मंडी के सामने बनी दुकानों में लगे एसी की कॉपर पाइप चोरी करने के मामले में बैढ़न पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चोरी का माल बरामद किया है। मामले में चार विधि विरुद्ध किशोरों को दस्तयाब किया गया है, जबकि चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार रविचंद्र शाह को भी प्रकरण में आरोपी बनाया गया है। प्रकरण में दो विधि विरुद्ध किशोरों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 1 सितंबर 2026 की रात करीब 11 बजे से सुबह 5 बजे के बीच कृषि उपज मंडी के सामने बनी करीब 35-40 दुकानों में लगे एसी की कॉपर पाइप एवं पावर केबल को अज्ञात आरोपियों द्वारा काटकर चोरी किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर थाना बैढ़न में अपराध क्रमांक 1147/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। आरोपियों की तलाश के दौरान छह विधि विरुद्ध किशोरों द्वारा कॉपर पाइप चोरी करना पाया गया, जिनमें से चार को पुलिस ने दस्तयाब किया। पुलिस के अनुसार, विधि विरुद्ध किशोरों ने अपने मेमोरेण्डम कथन में चोरी का माल दुकानदार रविचंद्र शाह पिता रामजनम शाह, उम्र 32 वर्ष, निवासी खुटार थाना बैढ़न को बिक्री करना बताया। इसके बाद रविचंद्र शाह को भी प्रकरण में आरोपी बनाकर अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने रविचंद्र शाह के कब्जे से चोरी का गला हुआ एसी कॉपर पाइप एवं जला हुआ वायर बरामद किया है। जप्त मशरुका एसी कॉपर पाइप कीमती 50 हजार रुपये बताया गया है। प्रकरण में दो विधि विरुद्ध किशोरों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक षियाज के. एम. के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर हेमन्त कुमार के सततनिदेर्शों के पालन में थाना प्रभारी बैढ़न एवं टीम द्वारा कार्रवाई की गई। कार्रवाई में उनि विनय शुक्ला, सउनि अनुज प्रताप सिंह, सउनि अशोक सिंह बघेल, प्र.आर. अजीत सिंह, प्रआर. शिवम सिंह एवं आर. 316 अनीष पाण्डेय का योगदान रहा।

# हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने आयोजित किया जागरूकता सेमिनार

**उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी**

**नवीनतम श्रम कानूनों एवं एमएसएमई योजनाओं की जानकारी उद्योगों के लिए बेहद जरूरी**

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कुरुक्षेत्र चैप्टर द्वारा नवीनतम श्रम कानूनों एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सेमिनार का आयोजन कुरुक्षेत्र में पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में किया गया सेमिनार में हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एचसीसीआई) के सदस्यों सहित उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों को बदलते श्रम कानूनों, कानूनी अनुपालनों तथा एमएसएमई क्षेत्र के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना था, ताकि वे इनका उचित एवं व्यावहारिक लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। कार्यक्रम में एमएसएमई सलाहकार वीरेंद्र ढींगरा ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रोत्साहनों एवं सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों एवं एमएसएमई के विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन सही जानकारी के अभाव में कई उद्यमी इनका लाभ नहीं उठा पाते। उन्होंने उद्यमियों से योजनाओं की पात्रता एवं प्रक्रियाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं प्रख्यात उद्योगपति, अंबाला से डा. आशावंत गुप्ता ने नवीनतम श्रम कानूनों एवं उनसे जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में श्रम कानूनों का सही अनुपालन केवल कानूनी आवश्यकता ही नहीं, बल्कि उद्योगों के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उद्योगपतियों को बदलते कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। इस अवसर पर एचसीसीआई कुरुक्षेत्र चैप्टर के चेयरमैन डा. नरिंदर पाल गुप्ता ने कहा कि आज के तेजी से बदलते कारोबारी परिवेश में उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों के लिए श्रम कानूनों तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून या सरकारी योजना की वास्तविक उपयोगिता तभी है, जब उसकी जानकारी को व्यावहारिक रूप से अपने व्यवसाय में लागू किया जाए। डा. गुप्ता ने कहा कि एचसीसीआई कुरुक्षेत्र चैप्टर का उद्देश्य केवल उद्योग एवं व्यापार जगत को एक मंच प्रदान करना ही नहीं, बल्कि सदस्यों को नई जानकारी, आपसी संपर्क एवं व्यापारिक विकास के अवसर उपलब्ध करवाना भी है। उन्होंने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने के लिए दोनों वक्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा सेमिनार में सक्रिय भागीदारी के लिए सभी सदस्यों एवं उद्योग प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में एचसीसीआई कुरुक्षेत्र चैप्टर के महासचिव डॉ. वीरेंद्र सिंघल ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उद्योग एवं व्यापार जगत की आवश्यकताओं को समझने तथा उन्हें विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के मुकदमे में नामजद 05 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्र के नेतृत्व एवं प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबट्र्सगंज धर्मेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराधों के अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना रॉबट्र्सगंज पर वादिनी आभा देवी पत्नी त्रिलोकनाथ, निवासी ग्राम बहुआर, थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र की तहरीर के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0-734/2026, धारा 109(1), 191(2), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस में नामजद अभियुक्तों की तलाश एवं गिरफ्तारी के क्रम में दिनांक 06.09.2026 को थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस टीम द्वारा ग्राम बहुआर क्षेत्र में गश्त एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान बहुआर- बासौली मोड़ पुलिया से समय करीब 02:30 बजे पांचों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। घटना वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के अनुसार दिनांक 31.08.2026 को सायं करीब 06:00 बजे उनके देवर जोगेन्द्र मिश्रा उर्फ लालू ग्राम स्थित किराने की दुकान पर सामान लेने गये थे। दुकान पर मौजूद नामजद अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर उनके साथ लाठी-डण्डे से मारपीट की गयी। शोर सुनकर वादिनी मौके पर पहुंचीं और अपने देवर को बचाने का प्रयास किया, जिस पर उनके साथ भी मारपीट की गयी। आरोप है कि इसके बाद अभियुक्तगण द्वारा उनका पीछा करते हुए घर तक पहुंचकर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गयी।

# शिक्षक दिवस पर 65 शिक्षकों का सम्मान, हिंडालको महान ने बढ़ाया शिक्षकों का मान



**शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव : हिंडालको महान के अधिकारी**

अमन लेखनी समाचार

सिंगरौली । शिक्षक दिवस के अवसर पर हिंडालको महान बरगवां की ओर से संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल बरगवां में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बरगवां क्षेत्र के 65 शिक्षकों को श्रीफल, अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में हिंडालको महान के स्मेल्टर हेड एस. शशि कुमार, वित्त प्रमुख रोहित मतेती एवं सीएसआर प्रमुख संजय सिंह उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए एस. शशि कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान देने तक सीमित नहीं होते, बल्कि उनके चरित्र, सोच और भविष्य का निर्माण करते हैं। एक शिक्षक का प्रभाव केवल एक विद्यार्थी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके माध्यम से पूरे समाज पर पड़ता है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# कैप्टन इंडिया बनकर उड़ान भरेंगे कार्तिक

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अब उनका पहला लुक भी सामने आ गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर अपना पहला लुक शेयर करते हुए अपने नए प्रोजेक्ट 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग शुरू करने की घोषणा की है। अलग-अलग तरह के रोल करने के लिए मशहूर इस एक्टर ने मिलिट्री यूनिफॉर्म में अपनी एक तस्वीर शेयर की और इस प्रोजेक्ट के लिए अपना उत्साह जाहिर किया है। पहले लुक के साथ-साथ कार्तिक आर्यन ने डायरेक्टर शिमित अमीन का एक दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया।

## लाइफ Style



# बिपाशा
## जिस्म न करने की मिली थी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिपाशा बसु एक समय पर बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती थीं। हालांकि, शादी और बेटी देवी के जन्म के बाद उन्होंने कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूरी बना ली। फिलहाल बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ क्वालिटी टाइम बिताने पर फोकस कर रही हैं।

बिपाशा ने 2001 में 'अजनबी' से अपने करियर की शुरुआत की थी। वहीं साल 2003 में रिलीज हुई 'जिस्म' में उन्होंने एक इरोटिक रोल निभाकर सबको हैरान कर दिया। अब बिपाशा ने बताया कि कैसे जब उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी, उन्हें सबने चेतावनी दी थी कि इस तरह का किरदार उनका कॅरियर खत्म कर सकता है। बिपाशा बसु ने एक बातचीत में बताया कि जब उन्होंने 'जिस्म' करने का फैसला किया, तो उन्हें पता था कि वह बहुत बड़ा रिस्क ले रही हैं। बिपाशा के अनुसार, उस समय इंडस्ट्री में कई लोगों ने उन्हें ये फिल्म नहीं करने की सलाह दी, क्योंकि उन्होंने चिंता थी कि बोल्ड सीन करना उनके करियर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। लेकिन, बिपाशा उनकी बातों से सहमत नहीं थीं और उन्होंने ये फिल्म करने का फैसला किया। इस फिल्म में बिपाशा बसु के साथ जॉन अब्राहम लीड रोल में थे। बिपाशा कहती हैं- 'इंडस्ट्री में हर किसी ने मुझसे कहा कि 'यह फिल्म (जिस्म) मत करो।' उनका कहना था कि अगर मैं ऐसी फिल्म करूंगी, जिसमें थोड़ा भी इरोटिका है, तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा। मगर मेरे लिए ये बस एक एडल्ट लव स्टोरी थी और मुझे इसमें कोई परेशानी नहीं थी।

## हॉलीवुड मसाला




# फुसफुसाती नजर आईं प्रियंका-जेनिफर

लॉस एंजिल्स। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जहां भी जाती हैं लोगों का ध्यान खींच लेती हैं। वह अक्सर इंटरनेशनल इवेंट्स में जाती हैं। यही नहीं वह हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ आसानी से घुल-मिल जाती हैं। हाल ही में उन्होंने जेनिफर लॉरेंस के साथ बातचीत की, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों कलाकार हाल ही में पेरिस में एक इवेंट में शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों कलाकार हंस-हंसकर बातें कर रही हैं। प्रियंका जेनिफर के कान में कुछ फुसफुसाती हुई दिखीं।




# हॉलीवुड सितारे भक्ति भाव से करते हैं भजन-कीर्तन

लॉस एंजिल्स। 'आयरन मैन' फेम लोकप्रिय हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर भगवान श्रीकृष्ण के दीवाने हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद माना कि वे हरे कृष्णा विचारधारा और आंदोलन से काफी प्रभावित रहे। अपनी जिंदगी के कठिन दौर से उबरने में कृष्ण विचारधारा उनके लिए काफी मददगार साबित हुई। भगवद गीता के दर्शन से वे काफी प्रभावित हैं। ब्रिटिश अभिनेता और कॉमेडियन रसेल ब्रांड का भगवान कृष्ण और हरे कृष्णा आंदोलन (इस्कॉन) से गहरा जुड़ाव रहा है। ध्यान साधना में भी उनकी काफी दिलचस्पी रही है। रसेल ब्रांड ने खुद यह स्वीकार किया है कि जीवन के कठिन दौर और नशे की लत से उबरने में 'हरे कृष्ण महामंत्र' ने उनकी मदद की। हिंदू संस्कृति और रीति-रिवाजों में आस्था के चलते उन्होंने शादी के लिए भी भारत को चुना।



# तीनों बच्चे गए विदेश, फराह हुईं इमोशनल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान ने हाल ही में अपने परिवार की जिंदगी के एक अहम पड़ाव के बारे में एक इमोशनल अपडेट शेयर किया। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए बताया कि उनके तीनों बच्चे - दिवा, अन्या और जार पढ़ाई के लिए विदेश चले गए हैं। फराह ने रविवार, 6 सितंबर को इंस्टाग्राम पर अपने बच्चों की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वे अलग-अलग शहरों में अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करते दिख रहे हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने बताया कि उन तीनों को अलविदा कहना कितना मुश्किल था। 'तीस मार खान' की डायरेक्टर फराह ने अपने पति-फिल्ममेकर शिरीष कुंदर पर मजाकिया अंदाज में तंज कसते हुए अपना सिग्नेचर ह्यूमर भी दिखाया।



# फिर दिमाग उलझाने आ रहे हैं अजय

**मुंबई।** एक बार फिर अजय देवगन क्राइम-सस्पेंस 'दृश्यम 3' के जरिए विजय सलगांवकर के तौर पर दर्शकों के बीच वापसी कर रहे हैं। मेकर्स ने अब इस क्राइम-सस्पेंस के ट्रेलर रिलीज की डेट भी अनाउंस कर दी है। इस घोषणा के साथ मेकर्स ने विजय सलगांवकर का फैमिली पोस्टर भी जारी किया है। अभिषेक पाठक द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2 अक्टूबर, को गांधी जयंती के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अजय देवगन के साथ श्रिया शरण, तब्बू, जयदीप अहलावत, प्रकाश राज, रजत कपूर और इशिता दत्ता मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के मेकर्स ने 'दृश्यम 3' का नया पोस्टर जारी किया। जिसमें अजय देवगन का किरदार विजय सलगांवकर अपने परिवार के साथ एक गाड़ी में नजर आ रहा है और सभी काफी तनाव में दिखाई दे रहे हैं।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 20 में मनोज की बेटी की हुई एंट्री, सलमान ने दी खास सलाह

**नई दिल्ली।** सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 20' में सीजन 4 के कंटेस्टेंट रहे एक्टर-नेता मनोज तिवारी की बेटी, म्यूजिशियन ऋति तिवारी की एंट्री हुई है।। सोशल मीडिया पर सलमान खान और मनोज तिवारी की बेटी का एक मजेदार प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें सुपरस्टार ऋति को एक सलाह देते नजर आ रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत मनोज के स्टेज पर गाना गाते हुए, आने से होती है और सलमान उनसे मजाक करते हैं कि क्या वह फिर से शो में आना चाहते हैं। हालांकि, एक्टर-नेता कहते हैं कि वह सिर्फ अपनी बेटी ऋति को छोड़ने आए हैं। इसके बाद म्यूजिशियन ऋति स्टेज पर आती है और परफॉर्मेंस देती हैं। सलमान उन्हें सलाह देते हैं, 'घर के अंदर, अंडों को लेकर कभी लड़ाई मत करना। ये बाप पर मत जाना' इस पर मनोज तिवारी की बेटी ने भी कहा, 'मेरे बाप पर आना नहीं' जिस पर मनोज मुस्कुराते हुए अपना चेहरा छिपा लेते हैं। जवाब में ऋति भी अपने पिता से जुड़ा एक मजाक करती है, जिससे उनके पिता और सलमान दोनों हंस पड़ते हैं। सलमान खान प्रोमो में 'बिग बॉस 4' में मनोज और डॉली बिंद्रा के बीच अंडों को लेकर हुई उस चर्चित लड़ाई का जिक्र करते हैं। जब मनोज नाश्ते में आमलेट खाना चाहते थे, जबकि डॉली चाहती थीं कि वह पहले बचा हुआ खाना खत्म करें और इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। तब मनोज ने कहा, 'किचन किसी के बाप का नहीं है' और डॉली ने जवाब दिया, 'बाप पर मत बोलना'। ये पल आज भी सभी को याद है।

## अक्षय ने बिग बी के साथ किया प्रैंक



**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर आजकल सोनी पर प्रसारित हो रहा रियलिटी गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' दर्शकों के बीच अपनी पकड़ बनाने में कामयाब होता हुआ सफल हो रहा है। इस रियलटी गेम शो में हर दिन कुछ नया देखने और सुनने को मिल जाता है। हाल ही में केबीसी 18 के सेट पर अपनी अपकमिंग मूवी हैवान के लिए सैफ और अक्षय प्रमोशन करने पहुंचे है। जिसे लेकर शो का प्रोमो वायरल हो रहा है। जिसमें खिलाड़ी कुमार बिग बी को अपना पर्स दिखाने के लिए आगे बढ़ते है, और उसमे अचानक से आग लग जाती है। यह मंजर देख सेट पर सभी के होश उड़ जाते है। दरअसल, सैफ अली खान और अक्षय कुमार अपनी फिल्म हैवान के लिए 'कौन बनेगा करोड़पति' के मंच पर पहुंचे थे, शो के दौरान अमिताभ बच्चन ने अक्षय कुमार की एक खास आदत का जिक्र करते हुए उनसे पूछा कि वह महान कॉमेडियन चार्ली चैपलिन के बहुत बड़े फैन हैं और अपने पर्स में उनकी तस्वीर रखते हैं। इस पर अक्षय ने कहा कि जी मैं बहुत बड़ा फैन हूं। तो बिग बी ने कहा कि पर्स है आपके पास?

# फिल्मों का विलेन असल जिंदगी में रहा था स्वतंत्रता सेनानी

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई कैरेक्टर आर्टिस्ट रहे जिन्होंने भले ही एक तरह के किरदार निभाए, लेकिन हर एक किरदार में एक ऐसा मैजिकल टच छोड़ा कि वो यादगार बन गया। ऐसे ही एक एक्टर थे सीएस दुबे. सीएस दुबे यानी कि चंद्रशेखर दुबे। दुबे जी हिंदी सिनेमा के मशहूर कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। उनका जन्म 4 सितंबर 1924 को मध्य प्रदेश के कन्नौड में हुआ था। उन्होंने 1950 के दशक से लगभग 150-200 फिल्मों में काम किया। वे खासतौर से नेगेटिव किरदार जैसे साहूकार, मुनीम और कपटी लाला के किरदारों के लिए मशहूर थे. फिल्म 'जिंदा दिल' (1975) में उनका डायलॉग 'ढक्कन खोल के' बहुत वायरल हुआ। वह केवल फिल्मों में ही एक्टिव नहीं थे। अपनी प्रोफेशनल लाइफ में उन्होंने कई रेडियो प्रोग्राम भी किए। इत्ना ही नहीं, वह एक स्वतंत्रता सेनानी भी रहे और देश की खातिर जेल गए थे।

### भारत छोड़ा आंदोलन का हिस्सा थे



चंद्रशेखर दुबे महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए भारत छोड़ा आंदोलन का हिस्सा थे। इस दौरान उन्होंने देश के लिए लाठियां खाईं और जेल भी गए थे। इसके अलावा वे एक सोशल वर्कर भी थे जो गरीब छात्रों को उनकी शिक्षा का खर्च उठाने में मदद करते थे। इसके बाद जब नौकरी करने की बारी आई तो उन्होंने बॉम्बे का रुख किया। वहां उन्होंने काम की शुरुआत प्रोड्यूसर और डायरेक्टर अमीय चक्रवर्ती के साथ बतौर ऑफिस बॉय की। इसके साथ साथ वे प्रोडक्शन मैनेजर और असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर भी काम संभाला। इसके बाद वे बतौर एक्टर अमीय की फिल्म पतिता और सीमा (1955) में नजर आए। इसके बाद बतौर एक्टर उनकी गाड़ी चल निकली और वे करीब 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आए।

# हनुमान अंश : 31वें दिन 100 करोड़ पार
## पहले 21 दिन में कमाए थे मात्र 12 करोड़

*नई दिल्ली। फिल्म 'हनुमान अंश' सात अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए करीब एक महीना हो गया है और इसी के साथ इसने अपने नाम एक माइलस्टोन सेट कर लिया है। फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। लेकिन फिल्म ने 100 करोड़ तक सफर करने में कई उतार चढ़ाव देखें।*

### पहले हफ्ते की केवल एक करोड़ की कमाई

फिल्म 'हनुमान अंश' 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म को लेकर कोई बड़ा पीआर नहीं किया गया और ना ही रिलीज के बाद इसके बारे में कोई जान रहा था। पहले हफ्ते में इसे टक्कर देने के लिए कोई बड़ी फिल्म नहीं थी। इसके बावजूद फिल्म एक हफ्ते में केवल 1.08 करोड़ का कलेक्शन कर पाई। कम पॉपुलैरिटी और छोटी फिल्म होने के चलते पहले हफ्ते में ये फिल्म केवल 250 स्क्रीन्स में दिखाई गई थी। कम कमाई होने के चलते यही स्क्रीन्स दूसरे हफ्ते में घटकर 25 रह गईं।



### चौथे हफ्ते हुआ चमत्कार

असली चमत्कार तो तब हुआ, जब 26 अगस्त को 'टॉक्सिक' की रिलीज के बावजूद फिल्म ने अपनी कमाई जारी रखी। 'टॉक्सिक' जैसी बड़ी स्टारकास्ट और बड़े बजट पर बनी फिल्म के आगे 'हनुमान अंश' ने अपना दबदबा कायम रखा। चौथे हफ्ते में इसकी कमाई डबल डिजिट (करोड़ों में) में होने लगी और अब इस फिल्म का नाम हर किसी की जुबान पर था। चौथे हफ्ते में ऐसा चमत्कार हुआ कि फिल्म ने 61 करोड़ का कलेक्शन किया। अचानक बढ़ी इसकी कमाई ने सबको हैरान कर दिया। इतना ही नहीं, जहां एक हफ्ते बाद 'टॉक्सिक' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली, वहीं 'हनुमान अंश' का कलेक्शन लगातार बढ़ता नजर आया।

### 'आवारापन 2' की रिलीज ने तोड़ी कमर

दूसरे हफ्ते में 14 अगस्त को दो बड़ी फिल्में रिलीज हुईं। इसमें इमरान हाशमी और दिशा पटानी की 'आवारापन 2' और सनी देओल की फिल्म 'बंटवारा' थी। 'आवारापन 2' ने आते ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं बंटवारा ने भी पहले दिन अच्छा कलेक्शन किया।'आवारापन 2' ने अपने पहले हफ्ते में दमदार शुरुआत करते हुए 113.50 करोड़ की कमाई की। फिल्म का इतना क्रेज था कि 'हनुमान अंश' बॉक्स ऑफिस से लगभग गायब ही हो गई थी। जहां 'आवारापन 2' ने इस हफ्ते में 113.50 की कमाई की थी, वहीं 'हनुमान अंश' इस हफ्ते केवल 40 लाख ही कमा पाई थी।

## दिल्ली-6 के म्यूजिक को भी मिली थी काफी सराहना

# डिक्शनरी में ढूंढने से भी नहीं मिलेगा 17 साल पुराने गाने का मतलब

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में पर्दे के पीछे कई दिलचस्प कहानियां छुपी हुई हैं। अब आपने दिल्ली-6 का मसकली गाना तो सुना ही होगा जो फिल्म की पहचान बन गया और साथ ही कल्ट भी। लेकिन क्या आप जानते हैं यह गाना दिल्ली-6 के लिए बना ही नहीं था। एक चौंकाने वाले खुलासे में फराह खान ने बताया कि ए.आर. रहमान ने 'मसकली' गाना असल में 'ओम शांति ओम' के लिए बनाया था। उन्होंने बताया कि विशाल-शेखर के आने से पहले, शाहरुख खान की इस फिल्म के लिए संगीत बनाने के लिए ए.आर. रहमान पहली पसंद थे। तो आखिर मसकली शब्द का अर्थ क्या है और यह कैसे दिल्ली-6 का हिस्सा बना?*

### ए आर रहमान थे पहली पसंद

फराह खान यूट्यूब व्लॉग के हालिया एपिसोड में, फिल्ममेकर विशाल ददलानी के फार्महाउस गईं, जहां उन्होंने अपने दशकों पुराने रिश्तों के बारे में बात की। बातचीत के दौरान, फराह ने याद किया कि उन्होंने विशाल से कहा था कि वह 'ओम शांति ओम' के संगीत के लिए ए.आर. रहमान के पास जा रही हैं, और अगर बात नहीं बनी, तो विशाल और शेखर उनकी दूसरी पसंद होंगे।

### पहले ओम शांति ओम के लिए बनाया था गाना

उस समय विशाल ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि बात बन जाएगी और उन्होंने यह भी सुझाव दिया था कि वे दोनों इस प्रोजेक्ट पर उनके असिस्टेंट के तौर पर काम कर सकते हैं। फराह ने बताया, 'रहमान ने 'ओम शांति ओम' के लिए जो पहला गाना बनाया था, वह 'मसकली' था! मुझे नहीं पता कि मैं इसे कहां इस्तेमाल करने वाली थी, लेकिन मुझे वह गाना और वह शब्द बहुत पसंद है'।



### कैसे बना दिल्ली-6 का हिस्सा?

'मसकली' गाने का इस्तेमाल बाद में राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'दिल्ली-6' में किया गया, जिसमें अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर थे। यह फिल्म 'ओम शांति ओम' के एक साल बाद, 2009 में रिलीज हुई थी।

### मसकली का क्या है मतलब?

ए. आर. रहमान ने मसकली शब्द को ध्वनि के आधार पर बनाया था। किसी भी डिक्शनरी में इसका कोई अर्थ नहीं है। डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि गाने में बंधे पंखों वाला कबूतर भारतीय समुदायों में युवा महिलाओं पर लगाई गई सख्त सामाजिक पाबंदियों का प्रतीक है। मेहरा ने यह बात अपने पिता के उस अनुभव के आधार पर बताई, जिसमें वे उड़ान भरने की ट्रेनिंग के दौरान छोटे कबूतरों के पंख बांध दिया करते थे।

### ओमप्रकाश ने किया है डायरेक्ट

'दिल्ली-6' की बात करें तो यह साल 2009 में आई एक ड्रामा फिल्म है, जिसे राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने एक एनआरआई का रोल निभाया है, जो अपनी बीमार दादी (वहीदा रहमान) के साथ भारत आते हैं और अपनी जड़ों को जानने-समझने लगते हैं। इसी दौरान वे एक धार्मिक विवाद में फंस जाते हैं। फिल्म में सोनम कपूर, अदिति राव हैदरी, ऋषि कपूर, सुप्रिया पाठक, अतुल कुलकर्णी, पवन मल्होत्रा, दीपक डोबरियाल, दिव्या दत्ता, विजय राज और ओम पुरी भी अहम रोल में हैं। इस फिल्म के म्यूजिक को भी काफी सराहना मिली थी जो ए आर रहमान ने दिया था।